# नगर परिषद नेरचौक, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01-04-2023 से 31-03-2024

## भाग-एक

**1. प्रारम्भिक**

**(क)** ग्यारहवें वित आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या: 1-376/81-फिन(एल.ए.) खण्ड-IV दिनांक 16-10-2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद नेरचौक, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश के अवधि 04/2023 से 03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा किया गया।

**अवधि 4/2023 से 3/2024 के दौरान नगर परिषद नेरचौक में प्रधान व कार्यकारी अधिकारी के पद पर पर निम्नलिखित पदाधिकारी कार्यरत रहे:-**

**प्रधान**

| क्र०स० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नर्वदा अभिलाषी | 01-04-2023 से 31-03-2024 |

**कार्यकारी अधिकारी/आहरण व संवितरण अधिकारी**

| क्रम संख्या | पदाधिकारियों के नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती उर्वशी वालिया | 01-04-2023 से 31-03-2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

नगर परिषद नेरचौक के अवधि 04/2023 से 03/2024 के अंकेक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है : -

| क्रम संख्या | अनियमितताओं का सार | पैरा संख्या | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वीकृत बजट की तुलना में अधिक व्यय। | 5 | 448.53 |
| 2 | पेंशन फंड एवं ग्रेच्युटी फंड में मासिक अभिदान राशि को जमा न करना। | 9.1 | 03.92 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | सावधि जमा में निवेशित राशि को परिपक्कता की तिथि से पहले निकासी करने के फलस्वरूप ब्याज की हानि। | 11.2 | 26.29 |
| 4 | अनुदान की अनुपयुक्त राशि का शेष। | 12.2 | 490.85 |
| 5 | गृह कर, विभागों को आवंटित भवन ,दुकानों के किराये, मोबाइल टावर, तहबाजारी से प्राप्त आय की वसूली शेष। | 13,14, 15.1, 17,18 | 138.64 |
| 6 | घर –घर से अलग-अलग गीला व सूखा कचरा उठाने के कार्य से प्राप्त आय के रूप में संभावित वित्तीय हानि बारे। | 19.1 | 41.28 |
| 7 | संविदाकार को अनियमित भुगतान। | 19.2 | 1.35 |
| 8 | नगर परिषद नेरचौक द्वारा विभिन्न कार्यों को करने के लिए एक ही प्रकार के कार्य को करने हेतु टेंडर राशियों का खंडन (Spilting of tender) करके एक ही संविदाकार को अनुचित लाभ प्रदान करने बारे। | 22 | 42.73 |
| 9 | Jaago Foundation को गृहकर बिल बनाने हेतु अनियमित भुगतान। | 23 | 1.20 |
| 10 | लक्ष्य स्कीम के अंतर्गत विभिन्न सफाई कर्मचारियों को अनियमित भुगतान। | 24 | 2.21 |
| 11 | GST/TDS/Labour Cess की नियमानुसार कटौती न करने के कारण सम्बंधित संविदाकार को अधिक भुगतान। | 25 | 1.36 |
| 12 | ठेकेदार के बिलों से रॉयल्टी के रूप में कटौती की गई राशि को सम्बन्धित सरकारी विभागों में जमा न करना। | 26.1 | 1.70 |
| 13 | निजी फ़र्म "जय माँ हटेश्वरी" व लेखापाल "राधेश्याम" को स्रोत पर काटे गए करों के रूप में अनियमित भुगतान। | 27 | 16.67 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट –"1"** पर दर्शाई गई है। गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जोकि अत्यंत चिंताजनक है। अंकेक्षण अधियाचना संख्या- 26 दिनांक 09-09-2024 द्वारा गत वर्षों के अंकेक्षण प्रतिवेदनों के पैरों पर कार्यवाही करके अंकेक्षण को प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था | जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा कुछ ही पैरों का निपटारा किया परंतु अभी तक पैरों की बहुत बड़ी संख्या समायोजन हेतु शेष है। अत: नगर परिषद द्वारा इन लंबित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान / कार्रवाई करनी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निपटारा संभव हो सके।

## भाग - 2

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

नगर परिषद नेरचौक के लेखों अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 का अंकेक्षण कार्य श्री संतोष कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक व श्री दलजीत कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 31-08-2024 से 30-09-2024 तक नगर परिषद नेरचौक के कार्यालय में किया गया। जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं । लेखों की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए माह क्रमशः 03/24 व 03/24 का चयन किया गया।

**अस्वीकरण:-** इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद नेरचौक, द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई है, के लिए हि०प्र०राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं है, विभाग की जिम्मेवारी केवल विस्तृत जांच हेतु चयनित माह तक ही सीमित है ।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

नगर परिषद नेरचौक के अवधि 4/2023 से 3/2024 के लेखों के अंकेक्षण हेतु शुल्क का आंकलन ₹ 33600 किया गया है। कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद नेरचौक को कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा, लेखा परीक्षा की अधियाचना संख्या: 65, दिनांक 30-09-2024 द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-9 को भेजने का अनुरोध किया गया।

## 4.1 वित्तीय स्थिति

नगर परिषद नेरचौक द्वारा प्रस्तुत नगर परिषद के अंकेक्षण अवधि 4/2023 से 3/2024 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट- "2"** पर भी दिया गया है :-

**Financial Position of MC Nerchowk as on 31.03.2024**

| Year | Name of Head | Opening Balance (₹) | Receipt During The Year (₹) | Interest Received (Savinng +FDR Interest) (₹) | Total (₹) | Expenditure (₹) | Closing Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | Own Sources | 87695744.72 | 16075948.36 | 7266926.00 | 111038619.08 | 6422607.06 | 104616012.02 |
| | Grants-in-aid | 101102060.02 | 38082324.00 | 0.00 | 139184384.02 | 90099576.20 | 49084807.82 |
| | **Total** | **188797804.74** | **54158272.36** | **7266926.00** | **250223003.10** | **96522183.26** | **153700819.84** |
| | | | | | | | |
| Total as per General Cash Book as on 31.03. 2024 | | | | | | | 153700819.84 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Total as per Bank Accounts as on 31.03.2024 (Detail Given Below) | | | | 153645524.84 |
| Difference between Cash Book and Bank Accounts as on 31-03-2024 | | | | **55295.00** |
| **Reconciliation :-** | | | | |
| Closing Balance as per General Cash Book as on 31.03. 2024 | | | | 153700819.84 |
| Add: Amount Paid to Electricity board on Dated 30.03.2024 but not debited by bank. | | | | 4396.00 |
| Less: House tax received G 8 No. 15837 but not deposited in bank upto 31.03.2024 | | | | 3089.00 |
| Less: House tax received G 8 No. 15838 but not deposited in bank upto 31.03.2024 | | | | 56602.00 |
| **Total as per General Cash Book as on 31.03. 2024** | | | | **153645524.84** |
| **Total as per Bank Accounts as on 31.03.2024 (Detail Attached In Annexure-3)** | | | | 153645524.84 |
| Difference between Cash Book and Bank Accounts as on 31-03-2024 | | | | **0.00** |
| **Detail of Bank Accounts as on 31-03-2024** | | | | |
| **Sr No** | **Branch Name** | **Account No** | | |
| 1 | **PNB Nerchowk** | 9862000100016908 | | 1373301.16 |
| 2 | **PNB Nerchowk** | 9862000100019154 | | 59470.10 |
| 3 | **Canara Bank** | 89332210000044 | | 0.00 |
| 4 | **Canara Bank** | 5067101001016 | | 4857463.72 |
| 5 | **HPSCB Nerchowk** | 31910121303 | | 716189.00 |
| 6 | **HPSCB Nerchowk** | 31910121103 | | 5377594.00 |
| 7 | **Indian Bank** | 50342091770 | | 2795258.65 |
| 8 | **HDFC Nerchowk** | 50100132654596 | | 19789744.19 |
| 9 | **HDFC Nerchowk** | 50100238299823 | | 662.00 |
| 10 | **HDFC Nerchowk** | 50100211213159 | | 2548021.00 |
| 11 | **HDFC Nerchowk** | 50100324738801 | | 24.30 |
| 12 | **HDFC Nerchowk** | 50100347434120 | | 37497260.30 |
| 13 | **HDFC Nerchowk** | 50100487770330 | | 0.00 |
| 14 | **HDFC Nerchowk** | 50100536154812 | | 561719.00 |
| 15 | **HDFC Nerchowk** | 50100536142754 | | 11531579.28 |
| 16 | **HDFC Nerchowk** | 50200080828720 | | 10170759.74 |
| 17 | **HDFC Nerchowk** | 50200080816202 | | 575389.40 |
| 18 | **FDR,s** | See Para No. 11.1 | | 55791089.00 |
| **Total** | | | | **153645524.84** |

## 4.2 तुलन पत्र (Balance Sheet) तैयार न करना व दोहरी लेखा पद्धति को लागू न करने के कारण लेखों का सत्यापन न कर पाना:-

निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश के पत्र सं .UD –H(C)-15-49/2003-III 3332-3379 Dt. 25.03.2009, UD –H(C)-15-49/2003-III 9337-9385 Dt. 07.09.2009, और पत्र सं .UD–H(C)-15-9/2003-IV 5215-63 Dt. 19.07.2010 द्वारा सभी नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिये गए थे कि लेखा खातों को दिनांक 01.04.2009 से दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System on Accural Basis)से रख-रखाव किया जाए परन्तु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखा खातों को नगर परिषद नेरचौक द्वारा उक्त आधार पर तैयार नही किया गया था इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा अंकेक्षण अवधि 2023-24 हेतु तलपट (Trial Balance) व तुलन पत्र (Balance Sheet) भी अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण संस्था के तलपट (Trial Balance) व तुलन पत्र (Balance Sheet) का सत्यापन नहीं किया जा सका। अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर परिषद नेरचौक द्वारा अपने लेखा खातों को एकल पद्धति के आधार पर बनाया गया था। इस अनियमितता बारे कार्यकारी अधिकारी नेरचौक को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-64 दिनांक 30.09.2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अत: निदेशक, शहरी विकास विभाग हि०प्र० के निर्देशों की अवहेलना कर के लेखों को दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) के स्थान पर एकल लेखा पद्धति के आधार पर बनाये जाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए एवं सरकार के निर्देशानुसार लेखों को दोहरी पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) के आधार पर खातों का रख-रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5 स्वीकृत बजट प्रावधान की तुलना में विभिन्न व्यय शीर्षकों के अंतर्गत ₹448.53 लाख का अधिक व्यय

संस्थापना व निर्माण कार्य शीर्षक की जाँच में पाया गया कि स्वीकृत बजट प्रावधान की तुलना में वास्तविक व्यय अधिक किया गया जो कि एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। स्वीकृत बजट प्रावधान अनुसार ही व्यय किया जाना अपेक्षित था परंतु नगर परिषद नेरचौक द्वारा बजट की तुलना में ₹ 44852732.26 की राशि का अधिक व्यय किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है। इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या

63 दिनांक 30.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।

| वर्ष | स्वीकृत बजट (₹) | वास्तविक व्यय (₹) | अधिक व्यय (₹) |
|---|---|---|---|
| 2023-24 | 5,07,69,451 | 9 ,56,22,183.26 | 44852732.26 |

अतः स्वीकृत बजट से अधिक व्यय किए जाने का प्रकरण विशेष रूप से उच्चाधिकारियों के संज्ञान में इस आशय के साथ लाया जाता है कि सम्बन्धित नगर परिषद अधिकारियों से इस बारे पूर्ण स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाए कि किन कारणों से बजट से अधिक व्यय करके नियमों की अवहेलना की गई है तथा स्पष्टीकरण/उत्तर संतोषजनक न पाए जाने पर जिम्मेवारी निर्धारित की जाए या सक्षम प्राधिकारिणी की कार्यों त्तर स्वीकृति से व्यय नियमित करवाया जाए व की गई अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6 प्रधानमन्त्री आवास योजना (PMAY) निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट 4):-**

| Year | Opening Balance (₹) | Income (₹) | Total (₹) | Expenditure (₹) | Closing Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 11040 | 9730000 | 9741040 | 9855000 | -113960 |

**6.1 नगर परिषद द्वारा 31.03.2024 को (PMAY) प्रधानमन्त्री आवास योजना शीर्ष के अंतर्गत ₹1.13 लाख का ऋणात्मक (-) अंतशेष दर्शाने बारे ।**

नगर परिषद नेरचौक द्वारा प्रदान की गई सूचना (**परिशिष्ट-4**) के अंकेक्षण के दौरान PMAY शीर्ष की वित्तीय स्थिति की पड़ताल करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.2024 को (-)**₹**1,13,960 का ऋणात्मक अंतशेष दर्शाया गया है । जिससे यह स्पष्ट होता है कि नगर पंचायत द्वारा PMAY शीर्ष के अंतर्गत प्राप्त की जा रही आय की तुलना में अधिक व्यय किया जा रहा है जोकि नगर परिषद के अकुशल वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है साथ ही नगर परिषद द्वारा इस अधिक व्यय की गयी राशि के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गयी थी। अत : इस बारे उचित स्पष्टीकरण सहित जांच की जानी सुनिश्चित की जाये व वित्तीय स्थिति के ऋणात्मक अंतशेष के कारणों को स्पष्ट करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

## 6.2 प्रधानमन्त्री आवास योजना (PMAY) शीर्ष के रख-रखाव हेतु रोकड़ बही तैयार न करने बारे ।

नगर परिषद नेरचौक के अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद नेरचौक में PMAY शीर्ष के अंतर्गत प्रतिवर्ष आय व व्यय किया जा रहा है, परंतु इस निधि के रख-रखाव हेतु अलग से रोकड़ बही का संधारण नही किया गया था । जबकि नियमानुसार इस खाते में प्राप्त आय व व्यय हेतु अलग ही रोकड़ बही का रख –रखाव किया जाना अपेक्षित था, परंतु नगर परिषद द्वारा इस निधि के लिए कोई भी रजिस्टर अथवा रोकड़ बही का संधारण नहीं किया गया था । परिणामस्वरूप PMAY निधि में वर्ष 2023-24 में ऋणात्मक अंतशेष दर्शाया गया है जोकि अनुचित व अनियमित प्रतीत होता है । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 62 दिनांक 30.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ । अत : परामर्श दिया जाता है कि PMAY निधि हेतु अलग से रोकड़ बही का रख-रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये ।

## 7 SBM निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट 5) :-

| Year | Opening Balance (₹) | Income (₹) | Total (₹) | Expenditure (₹) | Closing Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 0 | 977567 | 977567 | 977567 | 0 |

## 7.1 (SBM) स्वच्छ भारत मिशन शीर्ष के रख-रखाव हेतु रोकड़ बही तैयार न करने बारे ।

नगर परिषद नेरचौक के अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद नेरचौक में (SBM) स्वच्छ भारत मिशन शीर्ष के अंतर्गत प्रतिवर्ष आय व व्यय किया जा रहा है, परंतु इस निधि के रख-रखाव हेतु अलग से रोकड़ बही का संधारण नही किया गया था । जबकि नियमानुसार इस खाते में प्राप्त आय व व्यय हेतु अलग ही रोकड़ बही का रख –रखाव किया जाना अपेक्षित था, परंतु नगर परिषद द्वारा इस निधि के लिए कोई भी रजिस्टर अथवा रोकड़ बही का संधारण नहीं किया गया था जोकि अनुचित व अनियमित प्रतीत होता है । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 62 दिनांक 30.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ । अत : परामर्श दिया जाता है कि SBM निधि हेतु अलग से रोकड़ बही का रख-रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये ।

## 8 राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट 5):-

| Year | Opening Balance (₹) | Income (₹) | Total (₹) | Expenditure (₹) | Closing Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 0 | 21000 | 21000 | 21000 | 0 |

## 8.1 राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) शीर्ष के रख-रखाव हेतु रोकड़ बही तैयार न करने बारे ।

नगर परिषद नेरचौक के अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद नेरचौक में NULM शीर्ष के अंतर्गत प्रतिवर्ष आय व व्यय किया जा रहा है, परंतु इस निधि के रख-रखाव हेतु अलग से रोकड़ बही का संधारण नही किया गया था । जबकि नियमानुसार इस खाते में प्राप्त आय व व्यय हेतु अलग ही रोकड़ बही का रख –रखाव किया जाना अपेक्षित था, परंतु नगर परिषद द्वारा इस निधि के लिए कोई भी रजिस्टर अथवा रोकड़ बही का संधारण नहीं किया गया था जोकि अनुचित व अनियमित प्रतीत होता है । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 62 दिनांक 30.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ । अत : परामर्श दिया जाता है कि NULM निधि हेतु अलग से रोकड़ बही का रख-रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये ।

## 9. पेंशन निधि व ग्रेच्युटी निधि:-

## 9.1 पेंशन फंड एवं ग्रेच्युटी फंड में मासिक अभिदान राशि ₹ 03.92 लाख को जमा न करना

अंकेक्षण के दौरान जांच में पाया कि नगर परिषद द्वारा पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि का वर्ष 2023-24 में खाता संख्या 5067101001016 का रख रखाव मुख्य लेखा निधि से अलग ही किया जा रहा है एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान भी किया जा रहा है । हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल सर्विस एक्ट 1994 के नियम 3 व उपनियम 3 के अनुसार कर्मचारी के अधिकतम वेतन मान का 12% पेंशन व 5% मासिक अभिदान ग्रेच्युटी हेतु पेंशन फंड में जमा करने का प्रावधान है ताकि सेवानिवृति पर सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन व ग्रेच्युटी का भुगतान किया जा सके । इस संबंध में अभिलेखों की पड़ताल में पाया कि नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि में **परिशिष्ट -6** पेंशन व ग्रेच्युटी फंड में उक्त नियमानुसार मासिक अभिदान की **₹392836.00** राशि कम जमा की गई थी । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 58 दिनांक 28.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

अत : परामर्श दिया जाता है कि नियमानुसार कर्मचारी के अधिकतम वेतन मान का 12% पेंशन व 5% मासिक अभिदान ग्रेच्युटी हेतु पेंशन फंड में जमा निरंतर जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

| **परिशिष्ट -6 अनुसार जमा योग्य राशि (₹)** | **वर्ष 2023-24 में जमा की गयी राशि (₹)** | **कम जमा राशि (₹)** |
|---|---|---|
| 469536.00 | 76700.00 | 392836.00 |

## 9.2 पेंशन के रख-रखाव हेतु रोकड़ बही तैयार न करने बारे ।

नगर परिषद नेरचौक के अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद नेरचौक में पेंशन हेतु खाता संख्या 5067101001016 खोला गया था एवं दिनांक 31.03.2024 को इस खाते में 4857463.72 की राशि जमा थी । परंतु इस निधि के रख-रखाव हेतु अलग से रोकड़ बही का संधारण नही किया गया था । जबकि इस खाते में हस्तांतरित राशियों को मुख्य निधि की रोकड़ बही में ही दर्ज किया गया था , परंतु नियमानुसार नगर परिषद द्वारा इस निधि हेतु मुख्य निधि से अलग ही रोकड़ बही का रख –रखाव किया जाना अपेक्षित था । परिणामस्वरूप पेंशन निधि में जमा की गयी राशि व व्यय की गयी राशि की वर्ष 2023-24 में पुष्टि नहीं की जा सकी । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 32 दिनांक 18.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि पेंशन व ग्रेच्युटी को शीघ्र ही रोकड़ बही में दर्ज करके अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाएगा । अत : परामर्श दिया जाता है कि पेंशन निधि हेतु अलग से रोकड़ बही का रख-रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये ।

## 10 नगर परिषद के तीन वर्षों का आय –व्यय का विवरण

नगर परिषद नेरचौक द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार परिषद के गत तीन वर्षों की आय व व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **वित्तीय वर्ष** | **स्व: स्त्रोत से आय (₹)** | **अनुदान राशि (₹)** | **कुल व्यय( ₹)** |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 14785976.00 | 48208418.00 | 55374124.30 |
| 2022-23 | 7475468.86 | 42725322.00 | 34744305.69 |
| 2023-24 | 23342874.36 | 38082324.00 | 96522183.26 |

## 11 निवेश

**11.1** नगर परिषद नेरचौक के कार्यकारी अधिकारी द्वारा यथा **परिशिष्ट "7"** पर उपलब्ध करवाए गये विवरण के अनुसार दिनाँक 31-03-2024 को सावधि जमा में निवेशित **₹55791089.00** की राशि का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **Statement of FDR's Invested for the period 01.04.2023 to 31.03.2024** | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sr. No.** | **FDR A/c No.** | **Bank Name** | **Investment Amount (₹)** | **Rate of Interest** | **Date of Investment** | **Date of Maturity** | **Period of Invest ment** | **Maturity Amount (₹)** | **Remarks** |
| **1** | 986200PU000 06101 | PNB Bhangrotu | 3428631.00 | 6.75% | 10.10.2023 | 10.10.2024 | 1 Year | **3665988.00** | |
| **2** | 986200PU000 04787 | PNB Bhangrotu | 1376728.00 | 6.80% | 24.04.2023 | 24.04.2024 | 1 Year | **1472760.00** | 0 |
| **3** | 091100PU000 86747 | PNB Bhangrotu | 10425358.00 | 7.25% | 15.02.2024 | 08.01.2025 | 95 days | 10663781.00 | FD Pre-matured by MC on Dated-15.02.2024 amount received ₹ 10485642 and Panelty imposed by bank of ₹45023 and Total Interest received as on 15.02.2024 as per FDR Bank Statement ₹1011000. Remaining Balance of FDR after 15.02.2024 is ₹10425358 |
| **4** | 986200PU000 19284 | PNB Bhangrotu | 19999999.00 | 7.25% | 16.03.2023 | 10.01.2025 | 666 Days | 22792342.00 | |
| **5** | 986200PU000 06688 | PNB Bhangrotu | 1387158.00 | 6.75% | 16.01.2024 | 16.01.2025 | 1 Year | 1483188.00 | |
| **6** | 986200PU000 07191 | PNB Bhangrotu | 1110170.00 | 6.75% | 09.03.2024 | 09.03.2025 | 1 Year | 1187025.00 | |
| **7** | 031100DP000 44128 | PNB Bhangrotu | 9170312.00 | 7.25% | 16.01.2024 | 07.05.2024 | 400 days | 9269018.00 | NEW FDR |
| **8** | 031100DP000 44137 | PNB Bhangrotu | 8892733.00 | 7.25% | 16.01.2024 | 07.05.2024 | 400 days | 8988452.00 | NEW FDR |
| | | | **55791089.00** | | | | | **59522554.00** | |

**11.2 सावधि जमा में निवेशित राशि को परिपक्कता की तिथि से पहले निकासी करने के फलस्वरूप ₹26.29 लाख की ब्याज की हानि :**

नगर परिषद नेरचौक द्वारा सावधि जमा में मुख्य निधि से FDR संख्या 337700PU00064641 दिनांक 15.03.2023 तथा FDR संख्या 091100PU00086747 दिनांक 14.03.2023 को क्रमशः ₹ 10100001.00 व ₹ 19900000.00 की राशि को आगामी 666 दिनों के लिए 7.25% प्रतिशत की दर पर निवेशित किया गया था जिसकी परिपक्कता तिथि क्रमश 09.01.2025 व 08.01.2025 थी तथा जिनका परिपक्कता मुल्य ₹ 11510134.00 व ₹ 22678381.00 बनता था लेकिन नगर परिषद द्वारा FDR संख्या 337700PU00064641 में निवेश की गयी राशि को परिपक्कता तिथि से पहले दिनांक 01.12.2023 को आहरित कर लिया गया जिसके फलस्वरूप नगर परिषद को ₹10459067.00 की राशि ही प्राप्त हुई फलस्वरूप नगर परिषद को **₹ 10,51,067.00** के ब्याज की हानि उठानी पड़ी है, तथा इसी प्रकार नगर परिषद द्वारा FDR संख्या091100 PU00086747 में निवेश की गयी राशि को परिपक्कता तिथि से पहले दिनांक 15.02.2024 को परिपक्कता मूल्य से आधे मूल्य ₹ 10485642 00.पर आहरित कर लिया गया तथा शेष राशि ₹ 10614287.00 को 21.05.2024 को आहारित कर लिया गया जिसके फलस्वरूप नगर परिषद को ₹ 21099929.00 की राशि ही प्राप्त हुई फलस्वरूप नगर परिषद को **₹ 1578452.00** के ब्याज की हानि उठानी पड़ी । परिणाम स्वरूप दोनों सावधियों (FDR) परपरिपक्कता तिथि से पहले ही निकासी करने के कारण नगर परिषद को कुल **₹2629519.00** की संयुक्त हानि उठानी पड़ी । जिसका विवरण निम्न लिखित है

| Sr. No. | FDR A/c No. | Investment Amount (₹) | Maturity Amount (₹) | Date of pre Maturity | Amount Received On Pre Maturity (₹) | Less Interest Received (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 64641 | 10100001.00 | 11510134.00 | 01.12.2023 | 10459067 | 1051067.00 |
| 2 | 86747 | 19900000.00 | 22678381.00 | 15.02.2024 | 21099929 | 1578452.00 |
| | | **30000001.00** | **34188515.00** | | **31558996.00** | **2629519.00** |

जबकि दिनांक 30.11.2023 को शेष रोकड़ बही अनुसार ₹84893104.94 **(Excluding Amount invested in FDR i.e. (**Total balance ₹ 158942097.94.F.D.R-74048993 **₹=₹84893104.94 )** का अंत शेष उपलब्ध था । जिससे प्रतीत होता है कि नगर परिषद के बचत खातों में लगभग ₹ 8.50 करोड़

की राशि पहले ही उपलब्ध थी तथा निवेशित राशि को परिपक्वता तिथि से पहले भुनाने की कोई आवश्यकता नहीं थी परंतु उसके पश्चात भी सावधि जमा में निवेशित राशि को परिपक्वता तिथि से पहले ही भुनाया गया व भुनाई गयी राशि को HDFC बैंक वचत खाते में हस्तांतरित कर दिया गया । यदि नगर परिषद द्वारा समय से पहले भुनाई गयी राशि को निवेश में ही रखा जाता तो उस पर अधिक ब्याज प्राप्त होना था परंतु नगर परिषद द्वारा राशि **₹30000001.00** को HDFC बैंक बचत खाते में ही रखा गया था तथा इस राशि का उपयोग नगर परिषद के कार्य /क्रिया कलापों के लिए नहीं किया गया था व इस सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि समय से पहले भुनाई गयी निवेशित राशि **₹ 30000001.00** को HDFC बैंक के बचत खाते में रखा जाना, इस बैंक विशेष को लाभ पहुँचाने की सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है । नगर परिषद को इस प्रकार से राशि ₹2629519.00 की सम्भावित हानि हुई है, इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 25 दिनांक 09.09.2024 व अंकेक्षण अधियाचना संख्या 56 दिनांक 28.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में कार्यकारी अधिकारी द्वारा अपने पत्र संख्या 3045-3061 दिनांक 30.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि नगर परिषद नेरचौक के विभिन्न कार्यों को करने के लिए सावधि जमा को परिपक्वता तिथि से पहले निकासी करके प्रयोग में लाया गया परंतु उत्तर उचित प्रतीत नहीं होता है क्योंकि नगर परिषद के बचत खातों में पहले से ही अधिक राशि शेष थी तथा नगर परिषद द्वारा परिपक्वता से पूर्व प्राप्त सावधि जमा राशि का ज्यादा उपयोग नहीं किया गया था । अत : इस बारे उचित स्पष्टीकरण सहित अभिलेख प्रस्तुत किए जाने सुनिश्चित किए जाये अन्यथा इस मामले की जांच विभागीय स्तर पर की जानी सुनिश्चित की जाये व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

### 11.3 बैंक द्वारा सावधि जमा योजना से (टी० डी० एस०) स्रोत पर आयकर की कटौती ₹2.92 लाख करने बारे :-

अंकेक्षण के दौरान पड़ताल उपरांत पाया गया कि नगर परिषद ने सावधि जमा में निवेशित राशि के पुनः निवेशित नवीनीकरण के दौरान बैंक द्वारा टी०डी०एस० की कटौती की गई थी जबकि आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10(20) के अनुसार नगर परिषद/ निगमों को ब्याज के रूप में प्राप्त होने वाली आय पर TDS (टी०डी०एस०) की कटौती नहीं होती है । लेकिन कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद नेरचौक ने इस बारे कोई भी कार्यवाही नही की गई जिस कारण परिषद को टी०डी०एस० के रूप में ₹ 292202 की हानि हुई । इस राशि की कटौती करने बारे कार्यकारी अधिकारी नेरचौक को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-16 दिनांक 04.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ । अत: मामला बैंक प्रबन्धन से उठाकर टी०डी०एस० कटौती ₹292202

को प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए। बैंक द्वारा स्रोत पर काटे गए आयकर (टी०डी०एस०) कटौती का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Sr. No. | Name of Bank | FDR's No. / Date of Investment | Amount Invested | TDS by bank | | Loss on individual FDR |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (₹) | Date | (₹) | (₹) |
| 1 | PNB Bhangrotu | 04787 | 1376728 | 24.04.2023 | 421 | 6953 |
| | | | | 24.09.2023 | 2366 | |
| | | Q | | 24.12.2023 | 2423 | |
| | | | | 25.06.2023 | 1743 | |
| 2 | PNB Bhangrotu | 06101 | 3428631 | 10.10.2023 | 465 | 14921 |
| | | | | 24.09.2023 | 4651 | |
| | | Q | | 24.12.2023 | 5226 | |
| | | | | 25.06.2023 | 4579 | |
| 3 | PNB Bhangrotu | 06688 | 1306006 | 16.01.2024 | 371 | 7168 |
| | | | | 24.09.2023 | 2265 | |
| | | Q | | 24.12.2023 | 2312 | |
| | | | | 25.06.2023 | 2220 | |
| 4 | PNB Bhangrotu | 07191 | 1043446 | 24.09.2023 | 1808 | 5423 |
| | | | | 24.12.2023 | 1840 | |
| | | Q | | 25.06.2023 | 1775 | |
| 5 | PNB Nerchowk | 86747 | 19900000 | 24.09.2023 | 36766 | 109980 |
| | | 14.03.2023 | | 24.12.2023 | 37204 | |
| | | Q | | 25.06.2023 | 36010 | |
| 6 | PNB School Bazar Mandi | 64641 | 10100001 | 24.09.2023 | 18657 | 36924 |
| | | 15.03.2023 | | 25.06.2023 | 18267 | |
| 7 | PNB Bhangrotu | 19284 | 19999999 | 24.09.2023 | 36937 | 110833 |
| | | 16.03.2023 | | 24.12.2023 | 37744 | |
| | | Q | | 25.06.2023 | 36152 | |
| | | | | **Total** | **292202** | **292202** |

## 11.4 बैंकों से प्रतियोगी दरों (Compitetive Bids) को लिए बिना ₹180.63 लाख की राशि सावधि जमा में निवेशित करने बारे ।

वित्त विभाग (IF) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या के Fin-IF(A) 1-68/83-II दिनांक 29.04.2020 तथा दिनांक 22.07.2020, 06.01.2021, 03.03.2021 के अनुसार 1 करोड़ से अधिक मूल्य की

राशि को सावधि जमा में निवेशित करने हेतु विभिन्न बैंको से ब्याज की प्रतियोगी दरें लेने के उपरांत अधिक ब्याज दर देने वाले बैंक में ही राशि निवेश करना अपेक्षित है । परन्तु नगर परिषद नेरचौक के अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा 16.01.2024 को **₹ 18063045** की राशि पंजाब नैशनल बैंक में 7.25 % के ब्याज पर सावधि जमा में निवेशित की गयी थी । यदि उपरोक्त राशि को बैंको से ब्याज की प्रतियोगी दरें लेने के उपरांत सावधि जमा में निवेशित किया होता तो इस राशि पर अधिक ब्याज प्राप्त किया जा सकता था जोकि नगर परिषद नेरचौक के उच्च अधिकारियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्ध को दर्शाता है । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 16 दिनांक 04.09.24 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था परंतु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ । अत : परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में बैंको से ब्याज की प्रतियोगी दरें लेने के उपरांत ही सावधि जमा में राशि को निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये ।

### 11.5 सावधि जमा राशियों के रजिस्टर का रख-रखाव न करना :-

अंकेक्षण में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों के रजिस्टर का रख –रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। वास्तव में नियमों/लेखा नियमों के अनुसार सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों का रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन करके समस्त सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों के ब्याज का लेखाकंन रजिस्टर को किया जाना आपेक्षित है। सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों का रजिस्टर सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे कार्यकारी अधिकारी नेरचौक को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-16 दिनांक 04.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था। इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक के द्वारा कोई भी उत्तर अंकेक्षण के समाप्ति तक नहीं दिया गया। अत : सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों का वर्ष वार रजिस्टर तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए, तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

## 12 अनुदान

### 12.1 वित्तीय स्थिति

नगर परिषद नेरचौक की अंकेक्षण अवधि 4/2023 से 3/2024 तक अनुदान की वितीय स्थिति निम्न प्रकार से थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "8"** में दिया गया है :-

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | अनुदान प्राप्त (₹) | कुल राशि (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 101102060.02 | 38082324.00 | 139184384.02 | 90099576.20 | 49084807.82 |

**12.2 अनुदान की अनुपयुक्त राशि ₹ 490.85 लाख का शेष :-**

अंकेक्षण को नगर परिषद नेरचौक द्वारा उपलब्ध करवाए गए अनुदानों के विवरण यथा **परिशिष्ट – "9"** के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न शीर्षकों के अंतर्गत विभिन्न स्रोतों से प्राप्त अनुदान की राशि में से दिनांक 31-03-2024 को ₹ 49084807.82 की अनुपयुक्त राशि शेष थी, जबकि अनुदानों से सम्बन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ निश्चित अवधि के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित होती है । अतः अनुपयुक्त राशियों को समयबद्ध प्रयोग न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व इन अनुपयुक्त राशियों को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात उन्ही उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिन उद्देश्यों हेतु यह प्राप्त की गयी है अन्यथा मामले में नियमानुसार कार्यवाही अम्ल में लाई जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**12.3 अनुदानों से व्यय राशि ₹490.24 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करना:-**

अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट "10"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि 2023-24 के दौरान अनुदानों में से ₹10,00,77,143.20 का व्यय दर्शाया गया था तथा पूर्व वर्षों के व्यय को मिलाकर दिनांक 31-03-2024 तक अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित ₹49024533.20 के उपयोगिता प्रमाण पत्र सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गये जिसके अभाव में अनुदानों के उपयोग का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव नहीं हो सका। अत: उपयोग किए गए अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत करना तथा अन्य सरकारी अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग को जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए व तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**12.4 अनुदान रजिस्टर का रख-रखाव न करना**

अंकेक्षण में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख –रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अत : भविष्य में नियमों के अनुसार अनुदान रजिस्टर तैयार एवं अध्यतन करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत

करना सुनिश्चित किया जाए। अनुदान रजिस्टर सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 62 दिनांक 30.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः अनुदानों का वर्ष वार रजिस्टर तैयार करके सत्यापन हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

## 13 नगर परिषद द्वारा गृहकर ₹55.15 लाख की वसूली शेष :-

नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण में उपलब्ध करवाई गई सूचना **(परिशिष्ट-11)** के अनुसार दिनांक 31.03.24 तक गृह कर के रूप में ₹ 55,14,853 की राशि वसूली हेतु लम्बित थी। जबकि निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या यू. एल. बी. एच. ए. (7)-1/87-9237/9284 दिनांक 20.06.01 द्वारा करों इत्यादि की शत प्रतिशत वसूली को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गए थे लेकिन इस सम्बंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाये जो कि एक चिन्ताजनक विषय है। इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 39 दिनांक 21.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा पत्र संख्या 3045-3061 दिनांक 30.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि बकाया राशि की वसूली हेतु नोटिस शीघ्र जारी कर दिये जाएंगे व वसूली कर ली जाएगी। अतः परामर्श दिया जाता है कि राशि की वसूली हेतु अविलम्ब प्रभावी कदम उठाये जाएँ। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Year | Opening Balance (₹) | Demand during the year (₹) | Total (₹) | Collection During the year (₹) | Closing Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 2830518 | 8940578 | 11771096 | 6256243 | 5514853 |

## 13.1 दिनांक 31.03.2024 तक 55 गृह करदाताओं से ₹22,01,341/- की राशि वसूली हेतु शेष

गृह कर से संबन्धित ऑनलाइन अभिलखों की पड़ताल में पाया कि गृहकर की कुल बकाया राशि में से **परिशिष्ट -12** अनुसार **₹ 22,01,341**/- केवल **55** करदाताओं से बकाया था, जबकि नगर परिषद द्वारा सभी मूलभूत सुविधाएं समय समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 39 दिनांक 21.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा पत्र संख्या 3045-3061 दिनांक 30.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि बकाया राशि की वसूली हेतु नोटिस शीघ्र जारी कर दिये जाएंगे व वसूली कर ली जाएगी। अतः हि०प्र० नगरपालिका

अधिनियम, 1994 की धारा 86 व 87 में दिए गए प्रावधानों अनुसार इन करदाताओं से प्राथमिक्ता के आधार पर गृहकर की वसूली हेतु उचित कदम उठाना सुनिश्चित करें जिससे कुल राशि की 39.91 % की राशि एकमुश्त प्राप्त की जा सके तथा नगर परिषद नेरचौक की वित्तीय स्थिति को सुद्दढ़ किया जा सके ।

## 13.2 गृह कर से प्राप्त ऑनलाइन राशि ₹06.83 लाख से संबन्धित अभिलेख/रसीद बुकों को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे ।

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 03/2024 की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद नेरचौक द्वारा निम्न विवरणानुसार रोकड़ बही में गृह कर शुल्क से ऑनलाइन प्राप्त आय को दर्ज किया गया था,परंतु इसकी मांग एवं प्राप्ति से संबन्धित कोई अभिलेख तैयार नहीं किया गया जिससे यह पता चल सके कि गृहकर शुल्क किस से प्राप्त हुआ है तथा कितना शुल्क प्राप्त करना अपेक्षित था । इस प्रकार नगर परिषद द्वारा चयनित माह में प्राप्त आय **₹ 6,83,168** व किस-किस के संबंध में न ही प्राप्ति की रसीद जारी की गयी थी तथा न ही यह स्पष्ट हो सका कि उपरोक्त राशि कितने गृहकरदताओं से वसूली गयी है । नगर परिषद द्वारा यह भी सूचित किया गया कि गृहकर का कार्य जागो फ़ाउंडेशन ,ज्वालामुखी कांगड़ा को दिया गया है जिस कारण गृह कर की मांग व प्राप्ति इत्यादि का अभिलेख उसी संस्था द्वारा रखा जा रहा है परन्तु नगर परिषद द्वारा गृहकर से संबन्धित अभिलेख का रख-रखाव स्वयं नहीं किया जा रहा है जोकि अनुचित तथा अनियमित प्रतीत होता है । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 39 दिनांक 21.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा पत्र संख्या 3045-3061 दिनांक 30.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि ऑनलाइन प्राप्त राशि को शीघ्र चिन्हित किया जाएगा व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएगा । अत : निम्न प्राप्त राशियों के संबंध में उचित स्पष्टीकरण सहित अंकेक्षण को अभिलेख प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये व गृहकरदाताओं का पूर्ण विवरण मांग व प्राप्ति सहित अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| **दिनांक** | **रोकड़ बही पृष्ठ संख्या** | **प्राप्त राशि (₹)** |
|---|---|---|
| 01.03.2024 | 151 | 13026 |
| 04.03.2024 | 152 | 36529 |
| 06.03.2024 | 154 | 171613 |
| 07.03.2024 | 155,156 | 190707 |
| 12.03.2024 | 158 | 135356 |
| 22.03.2024 | 164,165 | 78227 |
| 26.03.2024 | 165 | 23007 |
| 28.03.2024 | 166 | 25639 |
| 28.03.2024 | 167 | 9064 |
| **कुल योग** | | **683168** |

### 13.3 वर्ष 2023-24 में तैयार मकानों पर गृहकर की गणना न करने बारे।

अंकेक्षण के दौरान अभिलखों की पड़ताल में पाया कि वर्ष 2023-24 में **परिशिष्ट -13** नवनिर्मित मकानों के लिए पानी के कनैक्शन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी किए गए थे परंतु इसमें वार्ड संख्या दर्ज नहीं की गयी थी जिससे यह पता चल सके कि किस वार्ड में कितने भवनों का निर्माण किया गया है तथा न ही इन भवनों के गृहकर का आकलन व गृहकर रजिस्टर में नाम दर्ज किया गया है । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 39 दिनांक 21.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा पत्र संख्या 3045-3061 दिनांक 30.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि 2023-24 में तैयार मकान व गृहकर मूल्यांकन के लिए बचे मकानों का आकलन कर लिया जाएगा व वसूली की जाएगी तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएगा । अतः भवन मालिकों को शीघ्र गृहकर रजिस्टर में दर्ज करने के उपरांत गृहकर का आकलन/मूल्यांकन करके गृहकर की वसूली करना सुनिश्चित करें तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाएँ ।

### 13.4 गृहकर के देरी से जमा करने पर सरचार्ज न वसूलना ।

गृहकर नगर परिषद नेरचौक की आय का प्रमुख स्त्रोत है । अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया की नगर परिषद नेरचौक द्वारा गृहकर उपभोगताओं से गृहकर को देरी से जमा करने पर कोई भी सरचार्ज वसूल नहीं किया जा रहा है जिससे गृहकर की बकाया राशि में हर वर्ष बढ़ौतरी हो रही है । "Himachal Pradesh Municipal Act" 1994 की धारा 86 में दिये गए दिशा निर्देशों के अनुसार यदि कोई उपभोगता यथासमय में गृहकर सबंधित बिल जमा नहीं करता है तो नगर परिषद द्वारा उपभोगता से सरचार्ज वसूल किया जा सकता है । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 39 दिनांक 21.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा पत्र संख्या 3045-3061 दिनांक 30.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि नगर परिषद द्वारा सरचार्ज के साथ बिल भेजे/ बनाए जा रहे है । अतः बकाया गृहकर पर नियमानुसार सरचार्ज की वसूली से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ।

### 13.5 गृहकर का मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर व गृह कर निर्धारण (House Tax Assessment) का उचित रख -रखाव न करने बारे ।

अंकेक्षण के दौरान पाया कि नगर परिषद नेरचौक के क्षेत्र में स्थापित भवनों का गृहकर का मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर का रख -रखाव उचित ढंग से नहीं किया जा रहा है । जिसमें भवन मालिकों से पिछली

बकाया राशि व वर्ष के अंत में शेष बकाया राशि को दर्ज नहीं किया जा रहा है जो कि लेखा नियमों के विरुद्ध है क्योंकि वर्तमान वर्ष में यदि कोई भवन मालिक गृहकर शुल्क नहीं देता है तो उस शुल्क की राशि को अगले वर्ष की बकाया राशि में जोड़ना अपेक्षित होता है परंतु नगर परिषद द्वारा इस संबंध में कोई भी अभिलेख तैयार नहीं किया गया था जिससे पता चल सके कि वर्ष के अंत में भवन मालिकों से कितनी राशि वसूली योग्य शेष है । इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 39 दिनांक 21.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा पत्र संख्या 3045-3061 दिनांक 30.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि गृहकर का मांग व प्राप्ति रजिस्टर व गृहकर निर्धारण रजिस्टर तैयार किया जाएगा व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएगा । इस संबंध में आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

14 **नगर परिषद नेरचौक द्वारा सरकारी विभागों को आबंटित भवनों का किराया ₹70.00 लाख वसूली हेतु शेष :-**

नगर परिषद नेरचौक द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण **परिशिष्ट-14** के अवलोकन व लेखों अवधि 4/2023 से 03/2024 की पड़ताल उपरांत पाया गया कि नगर परिषद ने भवनों को सरकारी विभागों के कार्यालयों के लिए आबंटित कर रखा है। परन्तु नगर परिषद द्वारा न तो इन विभागों से किराया वसूला जा रहा है और न ही कोई अनुबन्ध पड़ताल हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया। गत अंकेक्षण के पैरा संख्या -13 के अनुसार दिनांक 31-03-2023 तक किराया ₹61,32,000 वसूली हेतु शेष था जोकि दिनांक 31-03-2024 तक बढ़कर ₹7,00,300 हो गया है जिसका विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "14"** में दिया गया है । नगर परिषद नेरचौक ने सरकारी विभागों से बकाया राशि की वसूली हेतु कोई भी ठोस प्रयास नही किये ताकि सरकारी विभागों से बकाया राशि की वसूली के साथ –साथ नियमित किराया भी प्राप्त हो सके। अत: परामर्श दिया जाता है कि उक्त बकाया राशि की वसूली हेतु अविलम्ब प्रभावी कदम उठाये जायें ताकि इससे संस्था को ब्याज के रूप में हो रही हानि व भविष्य में किसी क़ानूनी विवाद होने की स्थिति से भी बचा जा सके। यह एक गंभीर मामला है जोकि उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाया जाता है कि सम्बन्धित कर्मचारियों/अधिकारियों को उक्त बकाया राशि की वसूली हेतु कड़े निर्देश जारी किये जायें ताकि बकाया राशि की वसूली नियमित तौर पर की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

## 15 दुकानों के किराये से आय

### 15.1 दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹0.99 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना :-

नगर परिषद द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर दुकानों/स्टालों/खोखों आदि का निर्माण किया गया है तथा उन्हें किराये/पट्टे पर आबंटित किया गया है। नगर परिषद नेरचौक द्वारा उपलब्ध करवाई गयी सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक दुकानों/खोखों के किराये के रूप में निम्न विवरणानुसार ₹98821/- की वसूली हेतु लम्बित थी। इसका विस्तृत विवरण नगर परिषद नेर चौक द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "15"** में संलग्न है। जबकि निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या यू.एल.बी.एच.ए.(7)-1/87-9237/9284 दिनांक 20-06-2001 द्वारा करों की शत प्रतिशत वसूली को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गए थे। इस राशि के वसूल न करने बारे कार्यकारी अधिकारी नेरचौक को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-29 दिनाँक 11-09-2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: दुकानों के किराये की वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| Year | Rent Opening Balance (₹) | GST Opening Balance (₹) | Rent Demand (₹) | GST Demand (₹) | Total (2+3+4+5) (₹) | Rent Collection (₹) | GST Collection (₹) | Rent Closing Balance (₹) | GST Closing Balance (₹) | Total Closing Balance (9+10) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 2023-24 | 54356 | 26646 | 163536 | 29831 | 274369 | 154078 | 21470 | 63814 | 35007 | 98821 |

### 15.2 दुकानों के अनुबन्ध पत्र आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत न करने बारे

वर्तमान अंकेक्षण के दौरान बार-2 आग्रह करने पर भी दुकानों के अनुबन्ध आवश्यक जाँच हेतु नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण की समाप्ति तक प्रस्तुत नहीं किये गये। अनुबन्धों को प्रस्तुत न किए जाने के कारण, दुकानों के किराए के रूप में प्राप्त योग्य राशि व अनुबन्ध की वैधता का सत्यापन नहीं किया जा सका। इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-29 दिनाँक 11-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: शीघ्र समस्त दुकानों के अनुबंध पत्रों को अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 16.1 बिजली बोर्ड से प्राप्त योग्य बिजली उपकर की वसूली न करना :-

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या LSG(B)(1)-9/94 दिनांक 08.11.99 एवं हिमाचल प्रदेश म्युनिसिपल अधिनियम की धारा 69 के अनुसार नगर परिषद की सीमा के भीतर उपयोग की गयी बिजली पर 1 पैसा प्रति यूनिट की दर से बिजली विभाग द्वारा बिजली उपकर प्राप्त कर के संबन्धित नगर परिषद को अदा करना था । जबकि अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि वर्ष 2023-24 में नगर परिषद नेरचौक को बिजली उपकर के रूप में कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई थी तथा न ही इस प्रकार का कोई भी अभिलेख तैयार किया है जिससे पता चल सके कि बिजली बोर्ड ने कितनी राशि नगर परिषद नेरचौक को जारी करनी है । इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 57 दिनांक 28-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत : इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई की जाये तथा इसकी मांग व वसूली का रजिस्टर तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाये व कृत कार्रवाई के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

## 16.2 आबकारी एवं कराधान विभाग से देय शराब उपकर की वसूली न करना :-

हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या ULB-H(C)(9)-28/96-1 दिनांक 01.12.99 के अनुसार, नगर परिषद परिक्षेत्र में शराब के ठेकों में बिकने वाली शराब की बोतलों पर ₹ 1 प्रति बोतल की दर से शराब उपकर आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा संबन्धित स्थानीय निकायों को भुगतान किया जाना अपेक्षित है । जबकि जांच में पाया गया कि वर्ष 2023-24 में नगर परिषद नेरचौक को शराब उपकर के रूप में कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई थी तथा न ही इस प्रकार का कोई भी अभिलेख तैयार किया है जिससे पता चल सके कि आबकारी एवं कराधान विभाग ने कितनी राशि नगर परिषद नेरचौक को जारी करनी है। इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 57 दिनांक 28-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया । अत : इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई की जाये तथा इसकी मांग व वसूली का रजिस्टर तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाये व कृत कार्रवाई के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

## 17 मोबाईल टावर नवीनीकरण शुल्क ₹8.20 लाख वसूली हेतु शेष :-

निदेशक शहरी विकास हिमाचल प्रदेश पत्र संख्या UJD-H(A)(7)-1/2006-10396-10444 दिनांक 25-09-2006 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर परिषद को अपने क्षेत्र में स्थापित मोबाईल

टावर पर ₹25000 स्थापना शुल्क तथा ₹12500 प्रति वर्ष नवीनीकरण शुल्क प्राप्त करने का अधिकार है। नगर परिषद नेरचौक द्वारा अपने क्षेत्र में स्थापित मोबाईल टावरों के नवीनीकरण शुल्क की वसूली नहीं की जा रही थी। नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को **परिशिष्ट "16"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने उपरांत पाया गया कि दिनांक 31-03-2024 को मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस ₹ 820000 /- वसूली हेतु शेष थी। अत: मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस की नियमित तौर पर वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**18. तह बाजारी शुल्क की ₹4.27 लाख वसूली हेतु शेष :-**

नगर परिषद द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर रेहड़ी/फड़ी वालों से तहबाजारी शुल्क की वसूली की जाती है । नगर परिषद नेरचौक द्वारा उपलब्ध कारवाई गयी सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक रेहड़ी/फड़ी वालों से तहबाजारी शुल्क ₹ 426985/- की वसूली हेतु लम्बित थी ।इसका विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "17"** में भी दिया गया है। अत : रेहड़ी/फड़ी वालों से तहबाजारी शुल्क की नियमित तौर पर वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**19 घर द्वार कूड़ा संग्रहण शुल्क :_**

**19.1 घर –घर से अलग अलग गीला व सूखा कचरा उठाने के कार्य से प्राप्त आय के रूप में ₹ 41.28 लाख की संभावित वित्तीय हानि होने बारे ।**

ANNUAL REPORT

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 20 दिनांक 09.09.2024 द्वारा डोर टू डोर शुल्क एकत्रित करने से संबन्धित bye laws (उप नियमों) की प्रतिलिपि अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था। परंतु नगर परिषद से इस संबंध में कोई प्रतिलिपि प्राप्त नहीं हुई जबकि उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव संख्या 30/2018 (ख) implementation of SWM Rule ,2016 and adoption of bye laws की प्रतिलिपि अंकेक्षण में प्रस्तुत की गयी जिसके अनुसार नगर परिषद नेरचौक हेतु डोर टू डोर (घर-द्वार से) कूड़ा उठाने से संबन्धित शुल्क की दरें निर्धारित की गयी थी । अंकेक्षण अवधि 01.04.2023 से 31.03.2024 के दौरान घर –घर से अलग अलग गीला व सूखा कचरा उठाने के कार्य से प्राप्त आय से संबन्धित अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा भवन मालिकों, दुकानदारों , सरकारी कार्यालयों आदि से प्रति माह डोर टू डोर शुल्क की वसूली की जा रही है परन्तु डोर टू डोर शुल्क की वर्ष में कुल कितनी मांग थी व कुल कितनी राशि प्राप्त की गयी तथा वर्ष के अंत में वसूली योग्य कितनी राशि शेष थी इस सम्बंध में कोई भी अभिलेख तैयार नहीं किया गया था तथा न ही अंकेक्षण में जांच हेतु प्रस्तुत किया गया जिसके अभाव में यह ज्ञात करना कठिन है कि नगर परिषद को प्रति वर्ष डोर टू डोर शुल्क से कुल कितनी आय वसूली योग्य अपेक्षित थी, वर्ष में कुल

कितनी आय प्राप्त की गयी थी व वर्ष के अंत में कुल कितनी आय वसूली योग्य शेष थी । इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 38 दिनांक 21.09.2024 नगर परिषद को प्रेषित किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि इस संबंध में लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, उत्तर संतोषजनक नहीं है । इस प्रकार उक्त सूचना के आधार पर अंकेक्षण द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित न्यूनतम मूल्य के आधार पर डोर टू डोर शुल्क से **₹4776000** की आय प्राप्त की जानी अपेक्षित थी परंतु नगर परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष में केवल **₹647334** की कुल राशि वसूल की गयी थी जिस कारण नगर परिषद को वर्ष 2023-24 में कुल **₹ 4128666.00** की संभावित वित्तीय हानि हुई है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट-18** में दिया गया है। अत: डोर टू डोर शुल्क की उपभोक्ता/उपयोगकर्ता वार मांग व प्राप्ति से संबन्धित अभिलेखों को तैयार न करने तथा तय शुल्क को एकत्रित न करने से संबन्धित कारणों को स्पष्ट किया जाए अन्यथा उपरोक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

### 19.2 घर –घर से अलग-अलग गीला व सूखा कचरा उठाने के कार्य हेतु संविदाकार को ₹1.35 लाख अनियमित भुगतान करने बारे ।

नगर परिषद द्वारा घर –घर से अलग अलग गीला व सूखा कचरा उठाने हेतु E- Tendering (ई-निविदा) की प्रक्रिया के द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की गयी थी जिसमें सबसे कम बोलीदाता धौलाधार सॉलिड वेस्ट (Dhauladhaar Solid Waste) को सभी वार्डों से कूड़ा उठाने के कार्य करने हेतु **₹ 3895342.00** का भुगतान एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है । अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 03/2024 के व्यय वाउचर की पड़ताल करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा कूड़े को एकत्रित करने हेतु धौलाधार सॉलिड वेस्ट (Dhauladhaar Solid Waste) को कूड़ा उठाने के लिए गाड़ियों तथा waste Processing करने हेतु कुल **₹ 135000.00** का भुगतान अलग से किया गया था जोकि टेंडर की नियम व शर्तों के अनुसार अनुचित प्रतीत होता है । टेंडर की शर्त संख्या 16 के अनुसार तथा ई- टेण्डर के Price schedule की अंतिम शर्त के अनुसार ( **"The vehicles for the transportation shall be provide by the contractor its self.**" ) कूड़े को उठाने तथा Processing का कार्य ठेकेदार द्वारा स्वयं ही किया जाना अपेक्षित था । परंतु नगर परिषद द्वारा टेण्डर राशि के अतिरिक्त **₹ 135000.00** की राशि का भुगतान किया गया था जोकि नियमानुसार अनुचित प्रतीत होता है। इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 35 दिनांक 21-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद नेरचौक द्वारा सूचित किया गया कि इस संबंध में नगर परिषद नेरचौक की मासिक बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है उत्तर संतोषजनक नहीं है । अत: इस संबंध में किए गए भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए

अन्यथा उपरोक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

| Sr. No. | Voucher No/Date | Bill No | Name of Firm | Work Name | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28/13.03.2024 | 01/05.03.2024 | Dhauladhar Solid waste Management Pvt. Ltd. | 2 E-Autos for Door to Door Garbage collection Bill Feb-2024 | 60000 |
| 2 | 28/13.03.2024 | 02/05.03.2024 | Dhauladhar Solid waste Management Pvt. Ltd. | Waste Processing Services Feb-2024 | 75000 |
| | **TOTAL** | | | | **135000** |

## 19.3 Door to Door से कूड़ा कर्कट इकट्ठा करने हेतु (User Charges) उपयोगिता शुल्क की एक ही क्रम संख्या की रसीद बुकों को दो बार छपवाने बारे ।

अंकेक्षण के दौरान पड़ताल में पाया कि Door to Door कूड़ा कर्कट इकट्ठा करने के User Charges (उपयोगिता शुल्क) की वसूली हेतु वर्ष 2022-23 में प्रयोग की जा रही रसीद बुकों की क्रम संख्या व वर्ष 2023-24 में प्रयोग की जा रही रसीद बुकों की क्रम संख्या एक ही हैं जोकि संस्था की संदिग्ध कार्य प्रणाली को इंगित करता है तथा ऐसी स्थिति में दुर्विनियोजन की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता उपरोक्त के अतिरिक्त अंकेक्षण में यह भी पाया गया कि रसीद बुक के स्टॉक रजिस्टर कि पृष्ठ संख्या 119 व 120 में Door to Door से प्राप्त आय हेतु दर्ज की गयी रसीद बुक संख्या 801 से लेकर 5000 तक की प्रविष्टियों को सक्षम अधिकारी से सत्यापित नहीं किया गया था तथा न ही रसीद बुकों को जारी करने की प्रविष्टि को सत्यापित किया गया था । इसी तरह रसीद संख्या 001 से लेकर 800 तक छपवाई गयी रसीदों को स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 119 पर दर्ज ही नहीं किया गया था जोकि रसीद बुकों के दुरुपयोग की संभावना को दर्शाता है । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-28 दिनाँक 11-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अतः यह परामर्श दिया जाता है कि प्रत्येक वर्ष प्रयोग होने वाली रसीद बुकों की क्रम संख्या अलग-2 अंकित करना सुनिश्चित किया जाये तथा स्टॉक रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों को सक्षम अधिकारी से सत्यापन उपरांत अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा रसीदों से सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख (प्राप्ति व जारी) तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी प्रकार के दुर्विनियोजन की सम्भावना न रहे।

## 19.4 Door to Door से कूड़ा कर्कट इकट्ठा करने के User Charges की रसीदों को जांच हेतु प्रस्तुत न करने बारे ।

अंकेक्षण के दौरान पड़ताल में पाया कि निम्नलिखित रसीद बुकों को नगर परिषद के रसीदों के भंडार रजिस्टर से सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) को जारी किया गया था लेकिन यह रसीदें अंकेक्षण में आवश्यक पड़ताल हेतु प्रस्तुत नहीं की गई तथा न ही इन रसीदों से प्राप्त राशि की अंकेक्षण के दौरान पुष्टि की जा सकी । रसीद बुकों को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है तथा साथ ही इन रसीद बुकों के दुरुपयोग की संभावना व प्राप्त की गई राशि के दुर्विनियोजन से भी इंकार नहीं किया जा सकता है । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-28 दिनाँक 11-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अतः इन रसीद बुकों को शीघ्र जांच हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा इस बारे में विभागीय स्तर पर जांच के उपरांत रसीदों से प्राप्त अपेक्षित राशि की वसूली करना सुनिश्चित किया जाये । अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न की गई रसीद बुकों का विवरण निम्नलिखित है :-

| क्रम संख्या | रसीद संख्या | भण्डार रजिस्टर पृष्ठ संख्या | रसीदें जारी करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 3101 से 3200 | 119 | 22.10.2022 |
| 2. | 4101 से 4200 | 120 | 22.10.2022 |

## 19.5 Door to Door से कूड़ा कर्कट इकट्ठा करने के User Charges (उपयोगिता शुल्क) का मांग व वसूली रजिस्टर तैयार न करना ।

अंकेक्षण के दौरान पड़ताल में पाया कि Door to Door (घर-द्वार) कूड़ा इकट्ठा करने के User Charges (उपयोगिता शुल्क) की मांग व वसूली रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था जिससे इस बात का पता नहीं चल सका कि किससे कितनी राशि वसूली हेतु बकाया है । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-28 दिनाँक 11-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अतः नियमानुसार मांग व वसूली रजिस्टर तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये एवं Door to Door कूड़ा कर्कट इकट्ठा करने के User Charges की वसूली हेतु अपनाए गए मापदण्डों से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में उपयोगकर्ता वार मांग-वसूली रजिस्टर तैयार करके उक्त फीस की बकाया राशि की गणना करना सुनिश्चित किया जाये ताकि

उक्त आय शीर्ष से प्राप्त फीस की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित हो सके व इस सन्दर्भ में की गई अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

## 20 <u>संस्थापना</u> :-

### 20.1 नगर परिषद द्वारा कर्मचारियों को HPCS Rule 2022-के अनुसार गलत वार्षिक वेतन वृद्धि (Annual increment) निर्धारण करने पर वेतन के रूप में ₹1258 का अनियमित अधिक भुगतान करने बारे ।

अंकेक्षणाधीन अवधि के वेतन के बिलों व सर्विस बुक की जांच में पाया गया कि श्रीमति रामकली तथा श्री मुरारी लाल की सेवा पंजिका के अनुसार निर्धारित्त वार्षिक वेतन वृद्धि से अधिक वेतन वृद्धि करने के कारण वेतन का भुगतान किया गया था जो कि अनियमित व आपत्ति जनक है । परिणामस्वरूप श्रीमति रामकली तथा श्री मुरारी लाल को **₹ 1258** की राशि का वेतन के रूप में अधिक भुगतान किया गया था । इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 27 दिनांक 09-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि इस राशि की वसूली की जाएगी तथा अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाएगा । अधिक किए गए भुगतान का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Salary drawn statement as per 6th pay scale HPCS Rule-2022 | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Name Of Employee** | **Pay drawn** | | | | | **Pay due** | | | | | |
| | **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** |
| | **Date** | **Month** | **Basic Pay** | **DA @ 31%** | **Total** | **Date** | **Basic Pay** | **DA @ 31%** | **Total** | **Difference (5-9)** | **Total Excess Payment (2x10)** |
| Smt. Ram Kali ,Peon | 01.09.2023 to 31.08.2024 | 12 | 18540 | 5747.40 | 24287.40 | 01.09.2023 to 31.08.2024 | 18500 | 5735 | 24235 | 52.40 | 629.00 |
| Sh. Murari Lal,Peon | 01.09.2023 to 31.08.2024 | 12 | 18540 | 5747.40 | 24287.40 | 01.09.2023 to 31.08.2024 | 18500 | 5735 | 24235 | 52.40 | 629.00 |
| **Total** | | | | | | | | | | | **1258** |

अतः दिए गए आश्वासन अनुसार राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 20.2 नगर परिषद द्वारा स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारियों को नगर परिषद निधि से ₹8.99 वेतन का अनियमित भुगतान करने बारे ।

नगर परिषद नेरचौक से प्राप्त स्वीकृत पदों की सूचना अनुसार नगर परिषद में कुल 8 पद स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 4 पदों पर नियमित कर्मचारी पहले से ही कार्यरत थे जबकि अन्य कर्मचारियों को नगर परिषद द्वारा OUT SOURCE (बाहरी स्रोत) के आधार पर कार्य करने हेतु रखा गया था । नगर परिषद नेरचौक द्वारा उपलब्ध करवाई गयी सूचना व चयनित माह के व्यय वाउचरों की पड़ताल में पाया गया कि 03/2024 में नगर परिषद निधि से 6 Out Source (बाहरी स्रोत) कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया गया था तथा कुल 7 कर्मचारी Out Source (बाहरी स्रोत) के आधार पर भर्ती किए गए थे जबकि नियमानुसार नगर परिषद में केवल 4 ही पद Out Source (बाहरी स्रोत) के आधार पर भरे जाने अपेक्षित थे परंतु नगर परिषद द्वारा स्वीकृत पदों से अधिक पदों पर कर्मचारी तैनात किए गए है जोकि नियमानुसार अनुचित प्रतीत होता है तथा साथ ही नगर परिषद निधि पर लगभग **₹ 899136.00** का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है । जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

<table>
<tr><th>Sr. No.</th><th>Name of Compay</th><th>Employee Name</th><th>Name of Post</th><th>Monthly salary (approx.)</th><th>No of Months</th><th>Total Salary Paid</th></tr>
<tr><td>1</td><td>Saraswati Dot com Private Limited 3rd Floor STPI,Building Block No.24 Kasumpti-9</td><td>Smt. Pooja Gupta</td><td>COA</td><td>21606.00</td><td>12</td><td>259272.00</td></tr>
<tr><td>2</td><td>Saraswati Dot com Private Limited 3rd Floor STPI,Building Block No.24 Kasumpti-9</td><td>Smt. Pinki</td><td>Safai Karmchari Nerchowk</td><td>16204.00</td><td>12</td><td>194448.00</td></tr>
<tr><td>3</td><td>Saraswati Dot com Private Limited 3rd Floor STPI,Building Block No.24 Kasumpti-9</td><td>Smt. Sapna Bharti</td><td>CO</td><td rowspan="2">37118</td><td rowspan="2">12</td><td rowspan="2">445416.00</td></tr>
<tr><td>4</td><td>Saraswati Dot com Private Limited 3rd Floor STPI,Building Block No.24 Kasumpti-9</td><td>Sh. Ravinder Kumar</td><td>TA-Cum-AA</td></tr>
<tr><td colspan="6" align="right">Total</td><td>899136.00</td></tr>
</table>

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 61 दिनांक 28.09.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परन्तु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नहीं दिया गया। अतः वेतन पर किए गए व्यय को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अधिक किए गए भुगतान की स्वीकृति व पदों की स्वीकृति हि०प्र० सरकार से Out Source (बाहरी स्रोत) पर भरने की प्राप्ति की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत कार्रवाई की अनुपालना से अंकेक्षण ओ अवगत करवाया जाए।

**20.3 चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे के रूप में ₹1690 का अधिक भुगतान ।**

नगर परिषद के लेखों के चयनित माह के बिलों की जांच करने पर पाया गया कि श्रीमति उर्वशी वालिया ,कार्यकारी अधिकारी को B/L Mamography करवाने हेतु ₹ 1800 का भुगतान किया गया था जबकि IGMC द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु तय किए गए User charges (उपयोगिता शुल्क) के अनुसार Mamography हेतु केवल ₹ 110 ही निर्धारित किए गए हैं जिसके परिणाम स्वरूप श्री मति उर्वशी वालिया, कार्यकारी अधिकारी को चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे के रूप में ₹1690 का अनियमित भुगतान किया गया था जोकि नियमानुसार देय नहीं था । इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 46 दिनांक 26-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि इस राशि की वसूली की जाएगी तथा अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाएगा । अत : अनियमित अधिक भुगतान की गयी राशि का औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा उचित स्त्रोत से वसूली करके नगर परिषद निधि में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

| **वाउचर सं०** | **माह** | **अधिकारी का नाम** | **भुगतान की गयी राशि (₹)** | **नियमानुसार देय राशि (₹)** | **राशि जो देय नहीं है (₹)** | **Test** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 09/23 | Smt. Urvashi Walia | 1800 | 110 | 1690 | B/L Mamography |

**20.4 नगर परिषद नेरचौक के नियमित कर्मचारियों के अवकाश खाते पूर्ण न करने बारे :-**

नगर परिषद के नियमित कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं की पड़ताल में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार नगर परिषद नेरचौक में 21.09.2022 को 2 कर्मचारी नियमित किए गए थे जिनके अर्जित अवकाश व अर्धवेतन / परिवर्तित अवकाश से संबन्धित अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद

द्वारा इनकी सेवा पंजिकाओं में अवकाश से संबन्धित प्रविष्टियों को दर्ज नहीं किया गया था । जबकि अवकाश खातों में प्रत्येक 06 माह की अवधि में 15 अर्जित अवकाश व 10 अर्धवेतन अवकाश दर्ज करने अपेक्षित थे। परंतु नगर परिषद द्वारा इन खातों को पूर्ण नहीं किया गया था जोकि नियमानुसार अनुचित प्रतीत होता है । इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 48 दिनांक 26-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि नियमित कर्मचारियों के अवकाश खाते शीघ्र ही पूर्ण कर दिये जाएंगे तथा अंकेक्षण को प्रस्तुत किए जाएंगे। कर्मचारियों का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Sr. No. | Name of Employee | Date of Regular Appointment | Leave Account |
|---|---|---|---|
| 1 | Sh. Murari lal ,Peon | 21.09.2022 | No Entery Recorded in service Book |
| 2 | Smt. Ramkali,Chowkidar | 20.09.2022 | No Entery Recorded in service Book |
| | **Total** | | |

अतः सम्बन्धित कर्मचारियों की सेवा पंजिकायें पूर्ण करके अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित की जाए।

**21 <u>निर्माण कार्य :-</u>**

**21.1 निर्माण कार्य C/o Path at Ner-II ward No-4 के निष्पादन में पाई गयी अनियमितताओं के कारण कुल राशि ₹3043/- का अधिक भुगतान :-**

**निम्न विवरणानुसार गलत गणना के कारण राशि ₹3043 का अधिक भुगतान किया गया है :-**

| | |
|---|---|
| **निर्माण कार्य का नाम** | C/o Path at Ner-II ward No-4 |
| **माप पुस्तिका सं. / पृष्ठ सं.** | 21/89 |
| **आबंटन पत्र संख्या** | 2119-2114 Dated : 14.06.2023 |
| **संविदाकार का नाम** | Sh. Lalt Chaudhry |
| **अनुमानित लागत** | ₹472477.00 |
| **अवार्ड राशि** | ₹ 472009.00 |

**21.1.1 मद संख्या 2 P/L in position Cement conc. Of specified grade excluding the cost centering and shuttering all work upto Plinth level 1:5:10" के निष्पादन में सम्भावित ₹1279.00 का अनियमित भुगतान ।**

माप पुस्तिका संख्या 21 के पेज़ संख्या 89 पर , मद संख्या –2 में **P/L in position Cement conc. Of specified grade excluding the cost centering and shuttering all work upto Plinth level**

**1:5:10"** हेतु 95.8 मीटर लंबाई दर्ज की गई थी तथा आकलन में भी इतनी ही प्रमात्रा हेतु भुगतान किया गया था इसके अतिरिक्त "Excavation of foundation trenches etc. in earth work" की प्रमात्रा 95.00 मीटर लंबाई हेतु माप कर भुगतान किया गया था तथा वास्तव में जितनी लंबाई हेतु खुदाई (excavation) का कार्य किया गया था उतने ही क्षेत्र में **P / L cc 1:5:10** की मात्रा डाली जानी अपेक्षित थी परंतु मापन पुस्तिका संख्या 21 के पेज़ संख्या 89 में निम्नानुसार खुदाई "excavation" के वास्तविक क्षेत्र से अधिक मात्रा में **P / L CC 1:5:10** दर्ज की गयी है :-

| Quantity of length for Excavation As Per MB | Quantity of P/L cc 1:5:10 As per MB | Quantity of cc 1:5:10 on the basis of excavation length (Actually required to be executed) | excess quantity of length entered in MB |
|---|---|---|---|
| **1x9x10.00**x3.5x0.15=47.25cum<br>**1x1x5.00**.x3.0x0.10=1.5 cum | **1x1x8.00** (3.45+3.10/2)x0.15=3.93 cum<br>**1x1x13** (3.10+3.5/2)x0.15=6.43<br>**1x1x30** (3.5+2.85+3.55/3)x0.15=14.85<br>**1x1x11** (3.55+4+3.10/3)x0.15=5.85<br>**1x1x30** (3.10+2.4/2)x0.15=12.37<br>**1x3.8** (2.5+2.4/2)x0.15=1.39 | **1x9x10.00**x3.5x0.15<br>**1x1x5.00**.x3.0x0.15 | **0.80 (95.80-95.00)** |
| **Total length = 95 m** | **Total length= 95.8 m** | **Total length = 95 m** | **Total length = 0.80 m** |
| **Excess Quantity of P/L cc 1:5:10** =0.80x (2.5+2.4/2)x0.15=0.294<br>**Excess Amount Paid 0.294x 4350.00= 1278.90 say Rs 1279.00** | | | |

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-50 दिनाँक 27-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: अधिक भुगतान राशि ₹1279/- का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा उचित स्त्रोत से वसूली के उपरांत परिषद निधि में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

**21.1.2 मद संख्या 3 P/L in position Cement conc.1:2:4 and curing complete" के निष्पादन में सम्भावित ₹1764 का अनियमित भुगतान**

माप पुस्तिका संख्या 21 के पेज संख्या 89 पर , मद संख्या –2 में " **P/L in position Cement conc.1:2:4 and curing complete"** हेतु 95.8 मीटर लंबाई दर्ज की गई थी तथा आकलन में भी इतनी ही प्रमात्रा हेतु भुगतान किया गया था इसके अतिरिक्त "Excavation of foundation trenches etc. in earth work" की प्रमात्रा 95.00 मीटर लंबाई हेतु माप कर भुगतान किया गया था तथा वास्तव में जितनी लंबाई हेतु खुदाई (excavation) का कार्य किया गया था उतने ही क्षेत्र में **P / L cc 1:5:10** की मात्रा तथा उतने ही क्षेत्र

में **P / L cc 1:2:4** की मात्रा डाली जानी अपेक्षित थी परंतु मापन पुस्तिका संख्या 21 के पेज़ संख्या 89 में निम्नानुसार खुदाई "excavation" के वास्तविक क्षेत्र से अधिक मात्रा में **P / L CC 1:2:4** दर्ज की गयी है :-

| **Quantity of length for Excavation As Per MB** | **Quantity of P/L cc 1:2:4 As per MB** | **Quantity of cc 1:2:4 on the basis of excavation length (Actually required to be executed)** | **excess quantity of length entered in MB** |
|---|---|---|---|
| **1x9x10.00**x3.5x0.15=47.25cum<br>**1x1x5.00**.x3.0x0.10=1.5 cum | **1x1x8.00** (3.00+3.10/2)x0.10=2.44 cum<br>**1x1x13** (3.10+3.5/2)x0.15=6.43<br>**1x1x30** (3.5+2.85+3.55/3)x0.15=14.85<br>**1x1x11** (3.55+4+3.10/3)x0.15=5.85<br>**1x1x30** (3.10+2.4/2)x0.15=12.37<br>**1x3.8** (2.5+2.4/2)x0.15=1.39 | **1x9x10.00**x3.5x0.15<br>**1x1x5.00**.x3.0x0.15 | **0.80 (95.80-95.00)** |
| **Total length = 95 m** | **Total length= 95.8 m** | **Total length = 95 m** | **Total length = 0.80 m** |
| **Excess Quantity of P/L cc 1:2:4** =0.80x (2.5+2.4/2)x0.15=0.294<br>**Excess Amount Paid 0.294x 6000.00= 1764.00** | | | |

इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-50 दिनाँक 27-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: राशि ₹1764.00 का अधिक भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा उचित स्त्रोत से वसूली के उपरांत परिषद निधि में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**21.2 मद संख्या 5 " P/L 60 mm thick factory made Cement concrete inter locking paver block of m-30 grade......." के निष्पादन में ₹ 2971 का अधिक/अनियमित भुगतान**

| | |
|---|---|
| **निर्माण कार्य का नाम** | C/o Road Jodh Singh House and adjoining area at Dhangu II Ward No-2 |
| **माप पुस्तिका सं. / पृष्ठ सं.** | 16/56-62 |
| **आबंटन पत्र संख्या** | 1889 Dated : 21.09.2021 |
| **संविदाकार का नाम** | Sh. Chaman Lal Chaudhary |
| **अनुमानित लागत** | ₹493043.00 |
| **अवार्ड राशि** | ₹ 438167.00 |

माप पुस्तिका संख्या 16 के पेज़ संख्या 58 पर, मद संख्या –5 " P/L 60 mm thick factory made Cement concrete inter locking paver block of m-30 grade......." हेतु 144.43 Sqm, की मात्रा का निष्पादन किया गया था परंतु माप पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 61में मद संख्या –5 " P/L 60 mm thick

factory made Cement concrete inter locking paver block of m-30 grade......." हेतु 147.67 Sqm की मात्रा हेतु भुगतान किया गया था । जोकि अनुचित प्रतीत होता है क्योंकि वास्तव में उतनी ही मात्रा हेतु भुगतान किया जाना अपेक्षित है जितनी मात्रा हेतु कार्य का निष्पादन किया गया था । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-49 दिनाँक 27-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: अधिक भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा उचित स्त्रोत से वसूली के उपरांत परिषद निधि में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

| Quantity of P/L 60 mm thick factory made Cement concrete inter locking paver block of m-30 grade......as executed as per MB page No 58 | Quantity of P/L 60 mm thick factory made Cement concrete inter locking paver block of m-30 grade......as paid as per MB page No 61 | Difference | Item Rate (11.13% less by contractor quoted) | Excess Amount Paid (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 144.43 Sqm | 147.67 | 03.24 | 917.04 | 2971.00 |

## 21.3 तकनीकी सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त किया बिना ही निर्माण कार्य के निष्पादन करने बारे ।

| | |
|---|---|
| **निर्माण कार्य का नाम** | Channelisation of Nallah from Truck union to four lane (SH: C/o Nallah in RCC Km 0/00 to 0/023 Job No.1) |
| **माप पुस्तिका सं. / पृष्ठ सं.** | 17/96 , 24/47 |
| **आबंटन पत्र संख्या** | 1156-1161 Dated : 13.04.2023 |
| **संविदाकार का नाम** | Sh. Ved Govt. contractor |
| **अनुमानित लागत** | ₹1070669.00 |
| **अवार्ड राशि** | ₹ 959346.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्य से संबन्धित अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि कार्य के प्राकलन (Detailed Estimate) के अनुसार C/o Nallah in RCC Km 0/00 to 0/023 हेतु 23.00m लंबी Drain का निर्माण किया जाना था तथा उस Drain पर Slab डाला जाना अपेक्षित था । परंतु माप पुस्तिका संख्या 17 के पृष्ठ संख्या 89 से 96 व माप पुस्तिका संख्या 24 के पृष्ठ संख्या 40 से 47 में दर्ज प्रविष्टियों के अनुसार उपरोक्त कार्य हेतु 29.60 m लंबी Drain का निर्माण किया गया था तथा उस पर डाले जाने वाले Slab का निष्पादन नहीं किया गया । इस कार्य में किए गए बदलाव के संबंध में तकनीकी सक्षम अधिकारी से स्वीकृत की गयी Deviation statement व Revised Estimate तैयार नहीं किया गया था । जिस कारण उपरोक्त कार्य में किए

गए बदलाव को न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-51 दिनाँक 27-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में कार्यकारी अधिकारी द्वारा पत्र संख्या 4075 दिनांक 21.10.2024 द्वारा इस कार्य का revised estimate प्रस्तुत किया गया था जिसमें Detailed measurement की प्रतिलिपि संलग्न नहीं थी तथा अंकेक्षण समाप्ति के बाद प्रस्तुत करने के कारण अभिलेख की पुष्टि नहीं की जा सकी । अत: इस कार्य में किए गए बदलाव की पुष्टि उचित सक्षम अधिकारी से करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

## 21.4 निर्माण कार्य के भुगतान बिल में गणना में त्रुटि होने के कारण संविदाकार /ठेकेदार को ₹360 का अधिक भुगतान ।

अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान नगर परिषद नेरचौक के चयनित माह के व्यय वाउचरों की पड़ताल में पाया गया कि निर्माण कार्य के बिल का भुगतान करते समय गणना में त्रुटि के कारण ठेकेदार को ₹ 360 का अधिक भुगतान किया गया था जोकि अनुचित व अनियमित प्रतीत होता है । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-29 दिनाँक 11-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया । अत : अधिक भुगतान की गयी राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा । जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

| Voucher No/Date | Name of Contractor | Name of work | Amount Paid (₹) | Amount payable (₹) | Difference (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 57 | Sh. Mohan lal | P/f 3 phase three of street light auto cut system | 35640 | 35280 | 360 |

## 22 नगर परिषद नेरचौक द्वारा विभिन्न कार्यों को करने के लिए एक ही प्रकार के कार्य को करने हेतु टेंडर राशियों का खंडन (Spilting of tender) करके एक ही संविदाकार को ₹ 42.73 लाख का अनुचित लाभ प्रदान करने बारे ।

नगर परिषद नेरचौक के चयनित माह के व्यय वाउचरों से संबन्धित अभिलेखों की पड़ताल करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा डोर टू डोर कूड़ा उठाने तथा नगर परिषद भवन में Fire Extinguisher का कार्य करने हेतु टेंडर का आबंटन किया गया था जिसमें डोर टू डोर का कार्य करने का टेंडर Dhauldhaar solid waste pvt .ltd. को दिया गया था तथा Fire Extinguisher उपलब्ध करवाने का कार्य श्री साहिल सोनी को दिया गया था । इन कार्यों की टेंडर फाइल की पड़ताल करने पर पाया गया निम्न विवरणानुसार इन

कार्यों को करने हेतु एक साथ टेंडर लगाने की जगह अलग अलग टेंडर लगाए गए थे जिस कारण इन कार्यों को करने हेतु **₹ 4272982.00** का व्यय किया गया था तथा एक साथ एक ही दिन में अलग –अलग अवार्ड पत्र संख्या के द्वारा एक ही संविदाकार को कार्य का आबंटन किया गया था जोकि संविदाकार को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने हेतु किया गया प्रतीत होता है । जबकि यदि इन कार्य हेतु एक ही टेंडर लगाया जाता तो नगर परिषद द्वारा बाजारी प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाकर टेंडर की राशि में कमी की जा सकती थी । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-52 दिनाँक 27-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: नगर परिषद द्वारा एक ही कार्य हेतु अलग-2 टेंडर लगाने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

| Sr. No. | Work Name | Award Letter/Date | Name of Contractor | Awarded Amount | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | providing & fixing fire extinguisher ISI mark at 1st floor at MC Nerchowk | M.C.NER/2024-501-505 dated 03.02.2024 | Sh. Sahil Soni | 98820 | Splitting of tender |
| | providing & fixing fire extinguisher ISI mark at ground floor at MC Nerchowk | M.C.NER/2024-506-511 dated 03.02.2024 | Sh. Sahil Soni | 98820 | |
| 2 | Prepration of FCA &FRA case Khasra no. 1096/709 | Lettter No. Not mention in award letter | Lalit Kumar VPO Alathu Tehsil Sadar Mandi | 90000 | Splitting of tender |
| | Prepration of FCA &FRA case Khasra no. 314 | 1811-1812/27.05.2023 | Lalit Kumar VPO Alathu Tehsil Sadar Mandi | 90000 | |
| 3 | door to door collection of garbage in bhagrotu & majehatel ward of nerchowk & adjoining area | M.C.NER/2024-309-313 dated 29.01.2024 | M/S Dhauladhar solid waste Management pvt. | 921498 | Splitting of tender |
| | door to door collection of garbage in ner-3 & majehatel-2 ward of nerchowk & adjoining area | M.C.NER/2024-299-303 dated 29.01.2024 | M/S Dhauladhar solid waste Management pvt. | 1130848 | |
| | door to door collection of garbage in ner-1 & ner-2 ward of nerchowk & adjoining area | M.C.NER/2024-294-298 dated 29.01.2024 | M/S Dhauladhar solid waste Management pvt. | 921498 | |
| | door to door collection of garbage in Dhangu-1 & Dhangu-2 ward of nerchowk & adjoining area | M.C.NER/2024-304-308 dated 29.01.2024 | M/S Dhauladhar solid waste Management pvt. | 921498 | |
| | **Total** | | | **4272982** | |

**23 Jaago Foundation को गृहकर के बिल बनाने हेतु ₹1.20 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे।**

नगर परिषद नेरचौक के अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 03/2024 के व्यय वाउचरों की पड़ताल करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा Jaago Foundation को नगर परिषद के क्षेत्र में Develop the property /house tax collection software payment gateway, GIS based property tax survey, house tax objections, removal, data Update, previous balance, update data correction इत्यादि का कार्य दिया गया था । जबकि वाउचर संख्या 60 दिनांक 27.03.2024 की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा Jaago Foundation संस्था को गृहकर के बिल जारी करने हेतु **₹ 120000.00** का अलग से अनियमित भुगतान किया गया है । जबकि टेंडर की शर्त अनुसार उपरोक्त संस्था को बिल जारी करने का कार्य आवंटित नहीं किया गया था परन्तु संस्था द्वारा Bill generate for the year 2023-24 ward No .1,2,3 करने हेतु भुगतान बिल प्रस्तुत किया गया था । इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 40 दिनांक 25-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि अनियमित भुगतान की पुष्टि की जाएगी उसके उपरांत वसूली कर ली जाएगी व अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाएगा । अत : अनियमित अधिक भुगतान की गयी राशि का औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा उचित स्त्रोत से वसूली करके नगर परिषद निधि में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

**24 लक्ष्य स्कीम के अंतर्गत विभिन्न सफाई कर्मचारियों को ₹2.21 लाख अनियमित भुगतान करने बारे**

नगर परिषद द्वारा प्रस्ताव संख्या 42/2023 (घ) के अनुसार लक्ष्य स्कीम के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में साफ सफाई के कार्य करने हेतु मजदूर काम पर लगाने की स्वीकृति दी गयी थी तथा सभी को 120 दिन का रोज़गार प्रदान किया जाएगा । जबकि अंकेक्षण के दौरान लक्ष्य स्कीम के अभिलेखों की पड़ताल में पाया गया कि यह कार्य पूर्व में ग्राम पंचायतों का क्षेत्र जो शहरी स्थानीय निकाय में जोड़ दिया गया था उनमें MNREGA जॉब कार्ड धारकों को इसके अंतर्गत कार्य उपलब्ध करवाया जाएगा तथा शहरी स्थानीय निकाय में इसे MMSAGY के तर्ज पर लागू किया गया था । अंकेक्षण में पाया गया कि इस स्कीम के तहत किए गए कार्य हेतु लगाए गए मजदूरों के जॉब कार्ड अंकेक्षण में जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए थे तथा न ही MMSAGY के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत किया गया था व न ही कार्य करने हेतु इच्छुक मजदूरों से कार्य करने हेतु प्रस्तुत मांग पत्रों को अंकेक्षण में जांच के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया था । अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 03/2024 के व्यय वाउचर की पड़ताल करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा लक्ष्य स्कीम के अंतर्गत 28 मजदूरों को कुल **₹ 296250** का भुगतान किया गया था जिसमें से केवल 7 मजदूरों के जॉब कार्ड ही

अंकेक्षण में उपलब्ध करवाए गए । परिणामस्वरूप नगर परिषद द्वारा 21 मजदूरों पर **₹ 221250** की राशि का व्यय लक्ष्य स्कीम के नियम व शर्तों के विरुद्ध किया गया था ।जोकि सरकार द्वारा प्रदान की गयी अनुदान राशि के दुरुपयोग की संभावना को दर्शाता है तथा साथ ही नगर परिषद के गरीब परिवारों को रोजगार प्रदान करने हेतु जारी की गयी राशि के दुरुपयोग की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-37 दिनाँक 21-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत : नगर परिषद द्वारा बिना जॉब कार्ड के तथा बिना रजिस्ट्रेशन के मजदूरों को भुगतान किए जाने का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा उचित स्रोत से राशि ₹221250.00 की वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**25 GST/TDS/Labour Cess की नियमानुसार कटौती न करने के कारण सम्बंधित संविदाकार को ₹1.36 लाख का अधिक भुगतान करने बारे ।**

नगर परिषद नेरचौक के अंकेक्षणाधीन अवधि के व्यय वाउचरों की जांच में पाया गया कि विभिन्न वाउचरों के अन्तर्गत नगर पंचायत द्वारा विभिन्न ठेकेदारों/फ़र्मों को कार्य करने तथा वस्तु एवं सेवाओं की आपूर्ति करने के एवज में भुगतान किया गया था । आपूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत बिल से नगर परिषद द्वारा GST/Income Tax (TDS) व श्रम शुल्क की कटौती तो की जा रही थी परंतु निम्न विवरणानुसार जिस कारण संविदाकारों/फ़र्मों के भुगतान बिलों से वस्तु व सेवा कर एवं आयकर की स्रोत पर कटौती व श्रम शुल्क की कटौती न करने के कारण ₹135967 का अधिक भुगतान किया गया था । यहाँ यह कहना भी उचित होगा कि वैधानिक कटौतियां करना संवितरण एवं आहरण अधिकारी का उत्तर दायित्व है और अपने उत्तरदायित्व की पालना न करने के कारण सम्बन्धित विभागों द्वारा यदि कोई जुर्माना शुल्क लगाया जाता है तो सम्बन्धित संवितरण एवं आहरण अधिकार (DDO) निजि तौर पर जिम्मेवार होता है । इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 34 दिनांक 20-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि निम्न ठेकेदारों के बिलों की कटौती संबन्धित विभागों को जमा करवा दी जाएगी व अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाएगा । अतः उक्त अनियमित भुगतान की वसूली सम्बन्धित फर्म से करके सम्बंधित विभाग में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए । जिसका विवरण निम्न प्रकार से है -:

| Voucher No/Date | Bill No | Name of Firm | Work Name | Gross Amount | GST 2% | TDS 2% | Labour Cess 1% | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39/15.03.2024 | 1st and Final Bill | EWS GREENTECH PRIVATE LIMITED | Bailing machine 25 ton pressure | 555000 | 11100 | Already Deducted | Not applicable | **11100** |
| 42/15.03.2024 | 1st and Final Bill | EWS GREENTECH PRIVATE LIMITED | Non -heating fully automatic compositing machineof 2 ton preyed capacity screw conveyers 4 meter length waste shredder of 500 kg per hours | 4998200 | 99964 | Already Deducted | Not applicable | **99964** |
| 17/07.03.2024 | 1st and final Bill | Sky Hawk Infra Pvt. Ltd. | C/o road & path Near Manoj House to Gulab singh House Dhangu at Dhangu II ward | 770960 | Already Deducted | 7709 | Already Deducted | **7709** |
| 15/07.03.2024 | 038/01-03-24 | Sh. Mohan lal Electrical Contractor | Electrical Work MC office | 3000 | 60 | 60 | 30 | **150** |
| 20/07.03.2024 | 037/01.03.2024 | Sh. Mohan lal Electrical Contractor | Electrical Work MC office | 47790 | 955 | Already Deducted | 477 | **1432** |
| 44/15.03.2024 | 1st and Final Bill | Sh. Mohan lal Electrical Contractor | P/f 3 phase LT panel 100 Am. | 49750 | 995 | Already Deducted | 498 | **1493** |
| 49/21.03.2024 | 33,039 | Sh. Mohan lal Electrical Contractor | Electrical Work MC office | 5830 | 116 | 116 | 58 | **290** |
| 54/26.03.2024 | 28,29,40,41 | Sh. Mohan lal Electrical Contractor | Electrical Work MC office | 10701 | 214 | 214 | 107 | **535** |
| 57/27.03.2024 | 1st and Final Bill | Sh. Mohan lal Electrical Contractor | P/f 3 phase three of street light auto cut system | 36000 | 720 | Already Deducted | 360 | **1080** |
| 67/30.03.2024 | 2nd and Final Bill | Sh. Ved Govt. contractor | Channelization of Nallah from truck union to four lane | 205860 | 4117 | Already Deducted | Already Deducted | **4117** |
| 60/27.03.2024 | nil/17.02.2024 | Jago foundation Service provider org. | Bill Generate for the year 2023-24 | 195000 | 3900 | Already Deducted | Not applicable | **3900** |
| 51/28.09.2023 | nil/13.09.2023 | Jago foundation Service provider org. | Property tax data update | 209850 | 4197 | Already Deducted | Not applicable | **4197** |
| **Total** | | | | | **126338** | **8099** | **1530** | **135967** |

## 26.1 ठेकेदार द्वारा निर्माण सामग्री की आपूर्ति के एवज में अनापत्ति प्रमाण पत्र अथवा फॉर्म 'W'या 'X' उपलब्ध करवाए बिना अनियमित भुगतान व सरकारी कोष को राशि ₹1.70 लाख की हानि पहुँचाना

अंकेक्षणाधीन अवधि में चयनित माह के 2024/03 निर्माण कार्यों से सम्बन्धित अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा ठेकेदारों से संलग्न विवरणानुसार रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति करवाई गई थी परन्तु H.P. Mineral Rules 2015 के अन्तर्गत वैध आपूर्ति स्रोत के एवज में फॉर्म 'X' या 'W' प्रस्तुत नहीं किए गए थे। अगर आपूर्तिकर्ता सामग्री के एवज में यदि फॉर्म 'X' या 'W' प्रस्तुत नहीं करता है तो नगर परिषद द्वारा सम्बन्धित ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को बिल का भुगतान नहीं किया जाना है जैसा कि माननीय हि० प्र० उच्च न्यायालय द्वारा CWP 2395/2020 दिनांक 16.07.2020 में आदेश दिए गए है। इस प्रकार ठेकेदारों को किया गया भुगतान अनियमित है तथा निम्न विवरणानुसार सरकारी कोष को भी ₹1,69,565.00 की हानि भी प्रत्यक्ष रूप से हुई है जो कि गंभीर अनियमितता है। इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-42 दिनाँक 25-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: फॉर्म 'X' या 'W' प्राप्त किए बिना भुगतान करना एक तो पूर्ण रूप से अनियमित है तथा साथ ही सरकारी कोष को भी राशि ₹169565.00 की हानि हुई है। जिस संदर्भ में वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा सरकारी कोष को हो रही हानि के लिए सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी स्वयं पूर्ण जिम्मेवार है।

| Sr. No. | Name of work | Contractor name | Mb No. | Item name | Quantity in metric ton | Rate(including panelty) | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/O path and drain near mahender house & adjoining area at ward no. 6 Majethal I | Sh. Hem raj | Mb no 04 p.no 91 | sand | 42.53 | 105 | 4465.65 |
| 2 | C/O road & path near manoj house to gulab singh house dhangu at Dhangu 2 | sky hawak infra ltd | Mb no 23 p.no 28 | sand agg & stone | 366.75 | 105 | 38508.75 |
| 3 | Maintance to path ner 1 ward | Sh. Karan Verma | Mb no 23 p.no 12 | sand & agg | 21.05 | 105 | 2210.25 |
| 4 | Floring of chowkidar shed at processing site | Sh. Mithil Walia | mb no 24 p.no 04 | sand & agg | 17.22 | 105 | 1808.1 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | C/O path at ner 2 ward no. 4 | Sh. Lalit choudhary | mb no 21 p.no 89 | sand & agg | 177.37 | 105 | 18623.85 |
| 6 | C/O road jodh singh house and adjoining area dhangu 2 ward no. 2 | Sh. Chaman Lal | mb no 16 p.no 61 | sand & agg | 72.97 | 105 | 7661.85 |
| 7 | C/O drain near sanjay kumar field at chalka | Sh. Shehwaj Khan | mb no 04 p.no 59 | sand & agg | 160.05 | 105 | 16805.25 |
| 8 | C/O road near samshanghat dhangu 2 ward no. 2 | Sh. Shehwaj Khan | mb no 17 p.no 55 | sand & agg | 85 | 105 | 8925 |
| 9 | C/O road & drain near house of murari lal at dhangu 1 ward no. 1 | sh. Suresh kumar | mb no 22 p.no 31 | sand & agg | 85.21 | 105 | 8947.05 |
| 10 | C/O r/w & drain near house of karan singh house at dadour ward no. 9 | Sh. Chet ram | mb no 04 p.no | sand & agg | 255.57 | 105 | 26834.85 |
| 11 | Proposed road path drain & retaining wall at majehetel 2 ward | Sh. Bhupinder Kumar | mb no 16 p.no 88 | sand & agg | 125.29 | 105 | 13155.45 |
| 12 | Providing & laying of paver over road near ramesh saini & verma at ner 3 | Sh. Bhupinder Kumar | mb no 15 p.no 94 | sand & agg | 66.97 | 105 | 7031.85 |
| 13 | C/O path near mahinder singh house at majehetal 1 ward no. 5 | Sh. Subham Chauhan | mb no 16 p.no 95 | sand & agg | 138.92 | 105 | 14586.6 |
| | **Total** | | | | | | **169564.5** |

## 26.2 ठेकेदार के बिलों से श्रम प्रभार के रूप में कटौती की गई ₹ 0.31लाख राशि को सम्बन्धित सरकारी विभागों में जमा न करना ।

अंकेक्षणाधीन अवधि में चयनित माह 03/2024 के निर्माण कार्यों से सम्बन्धित अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा नियमानुसार ठेकेदारों के बिलों से संलग्न विवरणानुसार श्रम प्रभार की कटौती तो की गई है लेकिन नगर पंचायत द्वारा **₹ 31225.00** की राशि को सम्बन्धित विभाग को जमा नहीं करवाया गया है जो कि गंभीर अनियमितता है। इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-43 दिनाँक 26-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: इन राशियों की वसूली उचित स्त्रोत से करने के उपरांत राशियों को सम्बन्धित विभागों में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

| Sr. no. | Name of work | Contractor Name | Voucher no. | Bill Amount (₹) | Labour cess (1 %) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | c/o road & path near manoj house to gulab singh house dhangu at dhangu 2 | sky hawak infra ltd | 017/07.03.2024 | 770960 | 7709 |
| 2 | maintance to path ner 1 ward | Sh. Karan Verma | 19/07.03.2024 | 101280 | 1013 |
| 3 | floring of chowkidar shed at processing site | Sh. Mithil Walia | 21/07.03.2024 | 38129 | 381 |
| 4 | c/o path at ner 2 ward no. 4 | Sh. Lalit choudhary | 22/07.03.2024 | 472009 | 4720 |
| 5 | c/o road jodh singh house and adjoining area dhangu 2 ward no. 2 | Sh. Chaman Lal | 27/12.03.2024 | 437584 | 4376 |
| 6 | c/o road & drain near house of murari lal at dhangu 1 ward no. 1 | sh. Suresh kumar | 41/15.03.2024 | 477808 | 4778 |
| 7 | channelization of nallah from truck union to fore lane | sh ved govt contractor | 67/30.03.2024 | 205860 | 2058 |
| 8 | supply & fixing LED street light with bracket 50 watt | sh. Devender kumar | 018/07.03.2024 | 434500 | 4345 |
| 9 | providing & fixing of fire extinguisher ISI mark 1st floor at MC Nerchowk | Sh. Sahil soni | 035/15.03.2024 | 98820 | 988 |
| 10 | providing & fixing of 3 phase L.T. panel 100 amp. At MC office | sh. Mohan lal | 044/15.03.2024 | 49750 | 497 |
| 11 | providing & fixing of street light auto cut system amp. 25 & 50 amp | sh. Mohan lal | 057/27.03.2024 | 36000 | 360 |
| | | | | | **31225** |

**27 निजी फ़र्म "जय माँ हटेश्वरी व लेखापाल राधेश्याम" को GST व TDS के रूप में ₹ 16.67 लाख का अनियमित भुगतान व सम्भावित दुरूपयोग बारे ।**

नगर परिषद नेरचौक के खर्चों की पड़ताल के दौरान पाया कि नगर परिषद द्वारा निर्माण कार्यों से संबन्धित ठेकेदारों व फ़र्मों को किए गए भुगतान से संबन्धित बिल/वाउचर से स्रोत के रूप में वस्तु एवं

SPECIAL REPORT

सेवाकर व आय कर के रूप में राशि की कटौती की गयी थी, जोकि नगर परिषद द्वारा संबन्धित विभाग में जमा की जानी अपेक्षित थी परंतु नगर परिषद स्वयं GST व TDS के रूप में कटौती की गयी राशि को आयकर विभाग व वस्तु एवं सेवाकर विभाग में जमा नहीं करवाया गया था । परंतु नगर परिषद द्वारा इस कार्य के लिए निजी फ़र्म "जय माँ हटेश्वरी व लेखापाल राधेश्याम" को भुगतान किया गया था जिसे नगर परिषद द्वारा समय समय पर कार्य करने हेतु "professional fees" के रूप में भी भुगतान किया था । विस्तृत पड़ताल में यह भी पाया गया कि नगर परिषद द्वारा उक्त निजी फ़र्म के व्यक्तिगत खाते में स्रोत पर काटे गए आयकर एवं वस्तु एवं सेवाकर के रूप में निम्न विवरणानुसार राशि ₹16,67,466 का भुगतान किया गया था जो की अनियमित व अनुचित प्रतीत होता है तथा साथ ही सरकारी धन के दुरुपयोग की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है । इस प्रकार सरकारी कोष में स्रोत पर आयकर व वस्तु एवं सेवाकर को जमा करवाये गए अभिलेख जैसे कि चालान इत्यादि भी अंकेक्षण में सत्यापनार्थ उपलब्ध नहीं करवाये गए जिससे कि इस राशि के जमा होने की सत्यता की जांच नहीं की जा सकी । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-53 दिनाँक 27-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया । अतः जमा से संबन्धित रसीदें/चालान आवश्यक जांच हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें तथा इस राशि को निजी खाते में जमा करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की प्रक्रिया से परिहार किया जाए। निजि व्यक्ति/कर्म को किए गए भुगतान का विवरण निम्नलिखित है :-

| Sr. no. | Voucher no. | Name of CA/accountant | Period | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17/06.04.2023 | jai maa hateshwari | payment of GST,TDS deduction | 61073 |
| 2 | 18/06.04.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of jan 2023 to march 2023 | 117234 |
| 3 | 25/12.04.2023 | jai maa hateshwari | payment of GST,TDS deduction | 80381 |
| 4 | 24/06.05.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of april 2023 | 17105 |
| 5 | 25/06.05.2023 | jai maa hateshwari | payment of GST,TDS deduction | 26541 |
| 6 | 22/12.06.2023 | jai maa hateshwari | payment of GST,TDS for the month of may 2023 | 84784 |
| 7 | 019/07.07.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of jun 2023 | 6344 |
| 8 | 20/07.07.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of jun 2023 | 20000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | 21/07.07.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of jun 2023 | 12689 |
| 10 | 22/07.07.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of jun 2023 | 18575 |
| 11 | 23/07.07.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of jun 2023 | 26675 |
| 12 | 24/07.07.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of may 2023 | 130283 |
| 13 | 14/07.08.2023 | Radheshyam | payment of GST TDS for the month of july 2023 | 2,18,273 |
| 14 | 21/06.09.2023 | Radheshyam | payment of GST,TDS for the month of AUG 2023 | 137296 |
| 15 | 11/06.11.2023 | Radheshyam | payment of TDS for the month of oct 2023 | 39535 |
| 16 | 13/06.11.2023 | Radheshyam | payment of GST,TDS for the month of oct 2023 | 137473 |
| 17 | 14/06.11.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of oct 2023 | 85145 |
| 18 | 14/06.12.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of nov 2023 | 93314 |
| 19 | 15/07.12.2023 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of nov 2023 | 3340 |
| 20 | 21/06.01.2024 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of dec 2023 | 47053 |
| 21 | 22/08.01.2024 | jai maa hateshwari | payment of GST,TDS for the month of dec 2023 | 47484 |
| 22 | 21/07.02.2024 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of jan 2024 | 80189 |
| 23 | 24/09.02.2024 | jai maa hateshwari | payment of GST,TDS for the month of jan 2024 | 119780 |
| 24 | 13/12.03.2024 | jai maa hateshwari | payment of TDS for the month of feb 2024 | 56900 |
| | **Total** | | | **1667466** |

## 28 श्री जय चंद के व्यक्तिगत बिजली मीटर के बिल के रूप में ₹0.28 लाख का अनियमित व संदिग्ध भुगतान करने बारे ।

नगर परिषद नेरचौक के अंकेक्षणाधीन अवधि के व्यय वाउचरों की जांच में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा वर्ष 2023-24 में श्री जय चंद को उनके व्यक्तिगत बिजली मीटर की उपभोक्ता संख्या(consumer id) 100002188393 के लिए बिजली बिल के रूप में **₹ 28137.00** की राशि का भुगतान नगर परिषद निधि से किया गया था । जोकि अनुचित व संदिग्ध भुगतान प्रतीत होता है जबकि नगर परिषद निधि से केवल कार्यकारी अधिकारी के नाम से पंजीकृत मीटर संख्या हेतु भुगतान किया जाना अपेक्षित है । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-55 दिनाँक 27-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट

करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत: इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा अनुचित भुगतान की वसूली उचित स्त्रोत से करने के उपरांत अनुपलना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

| Sr. No | Vr. No/Date | Name of Consumer | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 42/27.04.2023 | Sh. Jai Chand | 3253.00 |
| 2 | 57/26.05.2023 | Sh. Jai Chand | 1055.00 |
| 3 | 34/27.20.2023 | Sh. Jai Chand | 7790.00 |
| 4 | 32/16.11.2023 | Sh. Jai Chand | 2680.00 |
| 5 | 65/30.03.2024 | Sh. Jai Chand | 13359.00 |
| **Total** | | | **28137.00** |

## 29 नगर परिषद द्वारा क्रय ₹1.69 लाख के सामानों की स्टॉक प्रविष्टियाँ स्टॉक रजिस्टर में दर्ज न करना

नगर परिषद के वर्ष 2023-24 के चयनित माह के व्यय वाउचरों की पड़ताल करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा क्रय सामानों के लिए स्टॉक रजिस्टरों का रख रखाव तो किया जा रहा था परन्तु क्रय सामानों की प्रविष्टियाँ नियमित रूप से नहीं की जा रही थी जोकि अपने आप में एक गम्भीर अनियमितता है। नियमानुसार प्रत्येक क्रय सामान को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करके तथा खपत विवरण भी स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करना अपेक्षित है । अंकेक्षणाधीन अवधि में व्यय वाउचरों की जांच में पाया गया कि दिये गए विवरणों के अनुसार ₹1,68,630/- के सामानों की प्रविष्टियाँ स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नही की गई थी । इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण दल द्वारा ज्ञापन संख्या 44 दिनांक 26-09-2024 नगर परिषद नेरचौक को प्रेषित किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर परिषद द्वारा सूचित किया गया कि क्रय किए गए सामानों की स्टॉक में दर्ज कर दिया जाएगा तथा अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाएगा । अत: क्रय किए गए सामानों की स्टॉक प्रविष्टियाँ न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा सभी प्रविष्टियों को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। सामग्री जिसकी स्टॉक प्रविष्टियाँ नहीं की गई है, का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Sr. no | voucher no. | Bill no. | Name of supplier/contractor | Item name | Quantity | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/01.03.2024 | 423/24.02.2024 | Rajesh bardana store dadour,distt mandi | plastic bags | 400 nos | 2400 |
| 2 | 08/01.03.2024 | 418/16.02.2024 | Rajesh bardana store dadour,distt mandi | plastic bags | 400 nos | 2400 |
| 3 | 08/01.03.2024 | 422/21.02.2024 | Rajesh bardana store dadour,distt mandi | plastic bags | 400 nos | 2400 |
| 4 | 08/01.03.2024 | 421/19.02.2024 | Rajesh bardana store dadour,distt mandi | plastic bags | 400 nos | 2400 |
| 5 | 08/01.03.2024 | 417/12.02.2024 | Rajesh bardana store dadour,distt mandi | plastic bags | 400 nos | 2400 |
| 6 | 45/20.03.2024 | 587/01.02.2024 | M/S thakur steel furniture industry | Angle | 40 kg | 4800 |
| 7 | 45/20.03.2024 | 588/02.10.2024 | M/S thakur steel furniture industry | Angle | 40.5 kg | 4860 |
| 8 | 56/26.03.2024 | 1990/09.10.2023 | H.P Khadi village | furniture item | 17 Nos | 146970 |
| | | | | | | **168630** |

## 30 स्ट्रीट लाइट के भुगतान बिलों में समायोजित किए गए बिजली के यूनिट के रूप में ₹0.09 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे ।

अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान नगर परिषद नेरचौक के चयनित माह के व्यय वाउचरों की पड़ताल में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा बिजली विभाग को नगर परिषद क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइटस के बिल का भुगतान किया था। जिसकी पड़ताल में पाया गया कि Customer ID संख्या 200002038311 के अंतर्गत यूनिट्स की पुरानी Reading 0.00 तथा नई Reading 12.00 दर्शाई गयी थी । जिसके परिणामस्वरूप इस बिल में केवल 12 यूनिट बिजली बिल का भुगतान करना अपेक्षित था परंतु बिजली विभाग द्वारा इस बिल में 1626 यूनिट बिजली समायोजित की गयी थी जोकि अनुचित व अनियमित प्रतीत होता है क्योंकि इस Customer ID के पिछले माह के बिजली बिल में सभी यूनिट्स का भुगतान कर लिया गया था । जिस कारण

Customer ID संख्या 200002038311 के अंतर्गत समायोजित किए गए 1626 यूनिट हेतु ₹8,732 का अधिक भुगतान किया गया था । जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Vr.No/ Date | Customer ID | Particulars | Previous Bill Unit Detail | Present Bill Unit Detail | Adjustment/Estimated Unit | Rate | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53/ 23.03.24 | 200002 038311 | Electricity Bill of Street Light | Old reading -728<br>New reading-11691<br>No. of Unit Consumed -4411<br>Bill amount- 4411x5.37=23687<br>( Paid in February 2024) | Old reading -0<br>New reading-12<br>No. of Unit Consumed -12<br>Bill amount- 12x5.37=64.44<br>Adjustment/Estimated Unit-1626x5.37=8731.62<br>( Paid in March 2024) | 1626 | 5.37 | 8732 |

इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-34 दिनाँक 20-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया । अत: उपरोक्त समायोजित किए गए बिजली यूनिट्स से संबन्धित मामला बिजली विभाग से स्पष्ट करवाया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की गयी राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके संबन्धित निधि में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

## 31 नगर परिषद द्वारा राज्य वित्त आयोग द्वारा प्रदान की गई अनुदान राशि से वेतन भत्तों हेतु ₹02.05 लाख का अनियमित भुगतान करना ।

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 03/2024 के व्यय वाउचरों की पड़ताल पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा निम्न तालिका में दिए गये विवरणानुसार राज्य वित्त आयोग द्वारा प्रदान की गई अनुदान राशि से ₹205102/- का भुगतान नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन तथा भत्तों हेतु किया गया था , जबकि वेतन तथा भत्तों का भुगतान नगर परिषद की मुख्य निधि से किया जाना अपेक्षित था । परन्तु नगर परिषद द्वारा राज्य वित्त आयोग द्वारा प्रदान की गई अनुदान राशि से कर्मचारियों के वेतन तथा भत्तों पर व्यय करने के कारण विकासात्मक कार्यों हेतु स्वीकृत राशि का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा रहा है जोकि अनुदान राशि के दुरुपयोग की संभावना को दर्शाता है तथा साथ ही जिस कार्य हेतु अनुदान राशि प्रदान की जा रही है

उस कार्य को करने में उपयोग नहीं की जा रही है जोकि नियमानुसार अनुचित प्रतीत होता है तथा नगर परिषद के अकुशल वित्तीय प्रबंधन को भी दर्शाता है । इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-34 दिनाँक 20-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया। अत :वेतन भत्तों का भुगतान राज्य वित्तायोग निधि से करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| Sr. No | Voucher No/Date | Name of Fund | Particulars | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/01.03.24 | SFC | Establishment | 44347 |
| 2 | 03/01.03.24 | SFC | Establishment | 25000 |
| 3 | 04/01.03.24 | SFC | Establishment | 49257 |
| 4 | 10/06.03.24 | SFC | Establishment | 5000 |
| 5 | 12/06.03.24 | SFC | Establishment | 44998 |
| 6 | 16/07.03.24 | SFC | Honorarium | 36500 |
| | **Total** | | | **205102** |

## 32 Fleet Stength के बिना ही Outsource (बाहरी स्रोत) के आधार पर टैक्सी किराये पर लेने के कारण ₹5.06 लाख का अनियमित व्यय करने बारे ।

नगर परिषद नेरचौक के चयनित माह के अभिलेखों की पड़ताल करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा कार्यकारी अधिकारी को यात्रा करने हेतु माँ कोयला टूर एण्ड ट्रेवलर्ज से बलैरो टैक्सी माह किराये के आधार पर ली गई थी । परन्तु नगर परिषद द्वारा उचित सक्षम अधिकारी से नगर परिषद नेरचौक को गाड़ी रखने की संख्या हेतु दी गयी स्वीकृति (Fleet Strength) से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में आवश्यक जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए थे। जिसके अभाव में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि नगर परिषद नेर चौक द्वारा माह किराये के आधार पर ली गई टैक्सी सेवा उचित है अथवा नहीं। परिणामस्वरूप नगर परिषद नेरचौक द्वारा वर्ष 2023-24 में `₹42238 (UPTO 1500 KM) प्रतिमाह की दर सें एक वर्ष की अवधि में अनुमानित ₹506856.00 का व्यय किया गया था जोकि अनुचित व अनियमित प्रतीत होता है। अतः नगर परिषद नेर चौक को गाड़ियाँ रखने की संख्या (Fleet Strength) से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किए जाने सुनिश्चित किए जाये अन्यथा अपने स्तर पर गाड़ी रखने के एवज में किए गए भुगतान की वसूली उचित स्रोत से की जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। विवरण निम्न प्रकार से है :-

| फ़र्म का नाम | गाड़ी का मॉडल | कुल माह | अनुमानित दर प्रतिमाह (UPTO 1500 KM) (₹) | अनुमानित कुल व्यय (UPTO 1500 KM) (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Maa Koyla Tour and Travels | Bolero | 12 महीने | 42238 | 506856 |

**33 विवाह पंजीकरण फीस के रूप में प्राप्त राशि ₹ 0.20 लाख को सम्बन्धित विभाग के खाते में जमा न करने बारे ।**

हिमाचल प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधियाचना संख्या SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के बिन्दु 3 के अनुसार रजिस्ट्रीकरण फीस ,विवाह रजिस्ट्रार के पक्ष में नगद या Money Order के माध्यम से जमा की जाएगी और ऐसी फीस की प्राप्ति विवाह रजिस्ट्रार प्रारूप 4 में रसीद जारी करेगा । नगर परिषद नेरचौक के अभिलेखों व उपलब्ध करवाई गयी सूचना अनुसार नगर परिषद को वर्ष 2023-24 में ₹20,225 की राशि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त हुई थी । नियमानुसार नगर परिषद द्वारा विवाह पंजीकरण से प्राप्त राशि को हिमाचल प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में राजकीय कोष के शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा किया जाना अपेक्षित था। परन्तु नगर परिषद द्वारा विवाह पंजीकरण से प्राप्त राशि को हिमाचल प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में जमा नहीं करवाया जा रहा है । जिसका विवरण इस प्रकार है -:

| क्र .संख्या | वर्ष | प्राप्त शुल्क (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 2023-24 | 20225.00 |
| | **कुल जोड़** | **20225.00** |

इस सम्बंध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-54 दिनाँक 27-09-2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परंतु इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी नेरचौक द्वारा कोई भी उत्तर नही दिया गया । अत :विवाह पंजीकरण की राशि को संबन्धित विभाग में जमा करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 34 बिजली के नए कनैक्शन की प्रतिभूति हेतु ₹0.59 लाख के अनियमित व अस्पष्ट भुगतान करने बारे ।

